

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 28 फरवरी 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-330 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.


## संक्षेप

### जंगल सफारी में जानवरों की मौत की जांच करेगी सेंट्रल जू अथॉरिटी

**रायपुर,28 फरवरी।** विधानसभा बजट सत्र के 17वें दिन जंगल सफारी में वन्यजीवों की मौत का मुद्दा गूंजा. कांग्रेस विधायक शेषराज हरबंस के सवाल पर वनमंत्री केदार कश्यप ने बताया कि 2023 से जनवरी 2024 के बीच 74 वन्यजीवों की जंगल सफारी में मौत हुई है. इसके साथ मंत्री ने सेंट्रल जू अथॉरिटी से जांच कराने का एलान किया. वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि जंगल सफारी के वन्यजीवों को आवश्यक दवाएं दी जा रही है. टीकाकरण का प्रयास भी किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि किसी वन्यजीव की उम्र ज्यादा हो गई थी, तो कुछ लोगों की आपसी झगड़े में मौत हुई. वन्य प्राणियों के सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था है, चिकित्सा का कंपाउंडर भी है. विधायक शेषराज हरबंस ने पूछा कि इस मामले में किसी अधिकारी और डॉक्टर के लापरवाही सामने आई है क्या? इस पर मंत्री ने सेंट्रल जू अथॉरिटी से इसकी जांच कराने का एलान किया. डॉ. राकेश वर्मा और कंपाउंडर सोनल मिश्रा के खिलाफ को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है. इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि किसी बेदाग और कुशल डॉक्टर को वहां भेजे.

### मालदीव से लौट रहे सैनिक

**नई दिल्ली,28 फरवरी।** सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने की उम्मीद से ठीक दो हफ्ते से भी कम समय पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र में पहुंच गई है। ये टीम विमानन प्लेटफार्मों का संचालन करेगी। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने देर रात कहा कि भारतीय नागरिकों की पहली टीम आ गई है और देश के सबसे दक्षिणी एटोल अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेगी। बयान में कहा गया है कि दोनों सरकारों की सहमति के अनुसार अड्डू में तैनात भारतीय सैन्यकर्मी 10 मार्च तक चले जाएंगे।

## सामुदायिक भवन पर पूर्व मंत्री की पत्नी के कब्जे की होगी उच्चस्तरीय जांच

### नगरीय निकाय मंत्री ने किया ऐलान



रायपुर,28 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन ध्यानाकर्षण में रायपुर के शताब्दी नगर स्थित सामुदायिक भवन पर पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की पत्नी शकुन डहरिया के कब्जे का मामला उठा. सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी बहस के बीच नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने उच्च स्तरीय जांच की घोषणा की. विधानसभा में ध्यानाकर्षण सामुदायिक भवन पर पूर्व मंत्री की पत्नी के कब्जे का मामला उठाए जाने पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने आपत्ति जताई. उन्होंने कहा कि यह प्रकरण न्यायालय के अधीन है, ऐसे प्रकरणों पर सदन में चर्चा नहीं की जा सकती है. नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति के बीच राजेश मूणत ने ध्यानाकर्षण पढ़ा.

नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा कि ये सही है उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत हुई है. राजश्री समिति का सामुदायिक भवन में कब्जा है, उसे मुक्त करा लिया गया है. रंग रोगन सहित अन्य कार्यों में स्मार्ट सिटी 84.89 लाख व्यय किया गया है. सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने तीन महीने में जांच कराने का एलान किया.

### भूपेश सरकार में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को न सम्मान मिला न नौकरी

**रायपुर,28 फरवरी।** विधायक लता उसेंडी की अनुपस्थिति पर सदन में उनकी ओर से भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने प्रश्नकाल में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन और शासकीय सेवा में नियुक्ति को लेकर मामला उठाया. इस पर खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए कहा, भूपेश बघेल सरकार आने के बाद पिछले सालों में न उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची प्रकाशित हुई, न कोई अलंकरण समारोह हुआ और न उन्हें नौकरी दी गई. इस मामले में आसंदी से विधानसभा अध्यक्ष ने टिपण्णी करते हुए कहा, 5 सालों में इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, मंत्री ने कह दिया. ये अद्भुत है. मंत्री टंकराम वर्मा ने आगे कहा, विष्णुदेव साय सरकार खिलाड़ियों के बेहतरी के लिए तमाम कदम उठा रही है. जल्द ही अलंकरण समारोह होने वाला है. आगे भी अलंकरण और उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने की प्रक्रिया होगी. भाजपा विधायक धरमजीत सिंह ने कहा, पिछली सरकार में वास्तविक खिलाड़ियों को नौकरी नहीं मिलता था, पता नहीं कहां-कहां से लाते थे.

## ईडी किसी को भी बुला सकती है उसके समन का सम्मान करना ही होगा

### सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली,28 फरवरी।** ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय के समन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत अगर किसी को तलब किया जाता है, तो उसे समन का सम्मान करना होगा और उसका जवाब भी देना होगा। खास बात है कि कोर्ट की तरफ से यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लगातार 8 समन छोड़े जाने की चर्चाएं हैं।

शीर्ष न्यायालय में मद्रास हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ ईडी ने याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने कथित रेत खनन घोटाला में तमिलनाडु के के 5 डीएम को जारी समन पर रोक लगा दी थी। तमिलनाडु सरकार ने ईडी की तरफ से जारी समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर बाद में डिवीजन बेंच ने रोक लगा दी थी। अब ईडी ने अंतरिम आदेश के खिलाफ शीर्ष न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने रोक को हटा दिया और जिला कलेक्टरों को ईडी के



सामने पेश होने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच कर रही थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, बेंच ने कहा, यह देखा गया है कि अधिनियम के तहत जारी कार्यवाही के दौरान ईडी किसी भी व्यक्ति को सबूत पेश करने या उपस्थित होने के लिए तलब कर सकती है।आगे कहा गया, जिस किसी को भी समन जारी होते हैं, उनसे उम्मीद की जाती है कि वह ईडी के समन का सम्मान करेंगे और उनका जवाब देंगे। पीएमएलए की धारा 50 के तहत ईडी जिस व्यक्ति की मौजूदगी को जांच के दौरान जरूरी समझती है, उसे समन जारी कर सकती है।

## युवक पिस्टल लेकर सीएम हाउस पहुंचा, 3 सुरक्षाकर्मी निलंबित

### मुख्यमंत्री साय की सुरक्षा में बड़ी चूक

रायपुर,28 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी गलती का मामला सामने आया है। एक युवक पिस्टल लेकर सीएम हाउस पहुंच गया, जिसे सीएम कक्षा के बाहर रोककर पिस्टल जब्त की गई है। वहीं इस



मामले में 3 सुरक्षाकर्मियों को निलंबित किया गया है। दरअसल, यह पूरा मामला 25 फरवरी का है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करने के लिए पहुंचा युवक पिस्टल लेकर मुख्यमंत्री निवास में घुस गया था। लाइसेंसी पिस्टल लेकर युवक सीएम आवास तक आ गया था, लेकिन सीएम कक्ष के बाहर उसे रोक लिया गया। फिर उस शख्स की पिस्टल जब्त की गई। वहीं बताया जा रहा है कि यह शख्स वीआईपी गाड़ी में आया हुआ था, इसके चलते उसकी चेकिंग नहीं की गई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में एडीजी इंटेलिजेंस ने 3 सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि, अभी और सुरक्षा अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, इस मामले की जांच की जा रही है।

### प्रदेश सरकार खुद की सुरक्षा करने में नाकामयाब: बैज

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा में चूक मामले पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यजनक है. जब मुख्यमंत्री ही सुरक्षित नहीं तो आम लोग कैसे सुरक्षित होंगे. प्रदेश सरकार खुद की सुरक्षा करने में नाकामयाब है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में बीजेपी की बैठक को लेकर कहा कि बीजेपी डरी हुई है. इस बैठक का फायदा कांग्रेस को मिलेगा. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मार्च के



पहले सप्ताह में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसके बाद प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होगी. उन्होंने कहा कि नाम जा चुके हैं. इसके अलावा भी जहां संभावनाएं हैं, वहां से दावेदार सामने आ रहे हैं. आदिवासी बच्चों के साथ गृहमंत्री विजय शर्मा के लंच को लेकर दीपक बैज ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन वो इतने ही आदिवासी हितैषी हैं, तो हसदेव के आदिवासियों के साथ खड़े हो जाएं. हिमाचल प्रदेश की स्थिति पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्यसभा में हिमाचल के नतीजे आए वह आश्चर्यजनक है. बीजेपी के मुखिया प्रधानमंत्री अपनी सरकार बनाने किसी भी हद तक जा सकते हैं.



### विधायक के भाई ने थाने में मचाया उत्पात

**अंबिकापुर,28 फरवरी।** देश की सबसे बड़ी सरकारी कोयला कंपनी एसईसीएल में डकैती का आरोपी बीजेपी का कार्यकर्ता निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो अंबिकापुर के बीजेपी विधायक के भाई कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंच गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने के भीतर हुड़दंग मचाया। विधायक के भाई ने थाने में तैनात ट्रेनी डीएसपी शुभम तिवारी के साथ खुलेआम अभ्रदता की और देख लेने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने थाने में उत्पात मचाने वाले भाजपा विधायक के भाई और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए डीएसपी को ही थाने से हटाकर लाइन भेज दिया। इस मामले में अंबिकापुर के एसपी विजय अग्रवाल से बात की। हालांकि, उन्होंने डीएसपी को इस मामले में हटाए जाने से इंकार किया। उन्होने कहा कि डीएसपी को थाने का प्रोबेशन पूरा हो गया था। इसलिए, उन्हें शिफ्थ किया गया है। थाने के भीतर हंगामा करने के सवाल पर अनभिज्ञता जताते हुए एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि वे सीसीटीवी का फूटेज देखने के बाद कुछ बता पाएंगे कि वाकया क्या हुआ है। जबकि, वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि विधायक का भाई और उनके समर्थक किस कदर थाने के बाहर और भीतर डीएसपी के साथ दुर्व्यवहार और देख लेने की धमकी दे रहे हैं। खबर के भीतर लगे इस वीडियो से आप समझ जाएंगे कि अंबिकापुर में किस तरह कानून-व्यवस्था शीर्षासन कर रहा है।

## देश को बांटने पर तुले डीएमके और कांग्रेस : नरेन्द्र मोदी

**चेन्नई,28 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के दौरे पर हैं। तिरुनेलवेली में उनका अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि मैं यहां उपस्थित होकर अत्यंत प्रसन्न हूं। तिरुनेलवेली के हलवे की तरह ही इस जिले के लोग भी बहुत मीठे हैं। पिछले 2 दिनों में मैं जिन भी स्थानों पर गया हूं, वहां मैंने देखा है कि तमिलनाडु का प्रत्येक वर्ग आत्मविश्वास के साथ भाजपा के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि लोग देखते हैं कि कैसे भाजपा ने संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय की सकारात्मक राजनीति को बढ़ावा दिया है। तमिलनाडु के लोगों के इस अपार प्यार और समर्थन को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।' मैं आपको गारंटी देता हूं कि भाजपा आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मोदी ने कहा कि बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिलाएं, गरीब और मिडिल क्लास, तमिलनाडु का हर वर्ग, हर समाज आज पूरे विश्वास के साथ भाजपा के साथ आ रहा है। तमिलनाडु के लोग भाजपा को बड़ी आशाओं से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग देख रहे हैं कि कैसे भाजपा ने देश में संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय की सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाया है। तमिलनाडु का ये असीम प्रेम, ये विश्वास हमारे लिए एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने तमिलनाडु के लोग भविष्य की जरूरतों को स्वीकार करते हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और नई सोच के लिए जाने जाते हैं। यह तमिलनाडु को



बीजेपी के और भी करीब लाता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और हमें उन कुछ देशों में से एक होने पर गर्व है जो नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। जब हम नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में बात करते हैं, तो हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि तमिलनाडु इस क्षेत्र में अवसरों से भरा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत का कद बढ़ रहा है। आज दुनिया हमारे तमिल प्रवासियों को सम्मान की दृष्टि से देखती है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह बदलाव केंद्र में भाजपा की मजबूत और स्थिर सरकार के कारण आया है। मोदी ने कहा कि डीएमके एक ऐसी पार्टी है, जो काम तो करती नहीं लेकिन झूठा क्रेडिट लेने के लिए आगे रहती है। ये लोग हमारी स्कीम पर अपने स्टिकर चिपका देते हैं।

## नितिन नबीन बोले- मिशन लोकसभा 2024 तैयार, अबकी बार 400 पार

रायपुर,28 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

देश में कुछ ही महीने बाद लोकसभा का चुनाव होने वाला है. इससे पहले राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का छत्तीसगढ़ दौरा जारी है. इसी कड़ी में आज भाजपा के प्रदेश-सह प्रभारी नितिन नबीन प्रदेश प्रवास पर पहुंचे हैं. इस दौरान उन्होंने भाजपा

में लगातार हो रही मैराथन बैठक को लेकर कहा कि लोकसभा 2024 मिशन पूरी तरह से तैयार हो चुका है. मेरा मानना है कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने आप को इस मिशन में शामिल कर चुका है. उन्होंने कहा फिर एक बार मोदी सरकार आएगी और अबकी बार 400 पार होगी. नितिन नबीन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने जिस तरीके से हर वर्ग को, हर क्षेत्र को छुआ है, उसके विकास



की चिंता की है और भारत जिस तरह से पूरे विश्व में विकास के पैमाने में विदेश नीति के रूप में जिस प्रकार से बढ़ा है, गरीब से लेकर गांव तक और गांव से लेकर देश और विदेश तक भारत का जो परचम लहराया है, इससे जनता के मन में नरेंद्र मोदी बस गए हैं. हम लोग उसी नारे के साथ इस मिशन में आगे होकर काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा फिर एक बार मोदी सरकार आएगी और अबकी बार 400 पार होगी. लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए तय मापदंड को लेकर प्रदेश-सह प्रभारी ने कहा कि हर पार्टी कभी भी चुनाव में उतरती है तो उसके कई मापदंड होते हैं. जहां एक बर प्रत्याशी की अपनी छवि अपनी लोकप्रियता, पार्टी में उसके काम करने का संतुलन कितना है, वह भी दिखना चाहिए. समाज के हर वर्ग को भी दिखना चाहिए. उन्होंने कहा, कई मापदंड है, लेकिन मेरा मानना है कि नरेंद्र मोदी और कमल निशान जो भी लेकर आएगा, वह भाजपा का सदस्य होगा.

कांग्रेस के लोग पार्टी छोड़ रहे हैं पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान भाजपा छिनकर ले जा रही है पर सह-प्रभारी नबीन ने कहा, जब अपने लोग संभाल नहीं पा रहे हैं, जिन्होंने रणनीति के साथ काम किया है, उनको तो वहीं संस्कृति समझ में आएगी. हम लोग वह लोग हैं, जो सबको लेकर चलने वाले हैं.

### व्यापारी निराश,पुलिसिंग पर सवाल

## एक माह बाद भी कपड़ा दुकान में चोरी के आरोपियों का नहीं लगा सुराग

रायगढ़,28 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

शहर के सबसे पॉश मार्केट सुभाष चौक मे संचालित बड़े वस्त्र शोरुम मंगला क्लाथ में हुई चोरी की वारदात को एक माह गुजर जाने के बावजूद जहां पुलिस अब तक लकीर ही पीट रही है वहीं पीड़ित व्यापारी कोतवाली के चक्कर लगाकर निराश हो चुका है।प्रार्थी पक्ष के मुताबिक उन्हे हर बार धरपकड़ की कोशिश जारी रखने का आश्वासन देकर थाने से लौटा दिया जाता है।चूंकि मामला करीब 7 लाख की चोरी का है इसलिए मंगला क्लाथ के संचालक विवेक और आशीष अग्रवाल की नींद उड़ी हुई है।



गौरतलब है कि शहर में लॉ एंड ऑर्डर में सुधार करने की भले ही कोशिश जारी है लेकिन हालात खराब होते जा रहे हैं। क्राइम पर लगाम लगाने के लिए पुलिस के बड़े अफसरों के तबादले कर नए अफसरों की तैनाती की जा रही है लेकिन अपराध नहीं रुक रहा है।शहर समेत जिले भर में हौसला बुलंद दबंग,बदमाश और पेशेवर अपराधी,तस्कर,भूमाफिया खुलेआम अपराध का परचम लहरा रहे हैं । चोरी,लूट,छिनैती तथा डकैती का शिकार हो चुके लोग तहरीर के लिए चौकी,थानों तक थक हार कर न्यायालय की चौखट का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं पुलिस का ज्यादा एक्शन अन्य अपराधों के नियंत्रण व आपराधिक गिरफ्तारी से ज्यादा शराब कोचियों की धरपकड मे नजर आ रहा है।सूत्र बताते

हैं कि कानून की निगाह में धूल झोकते हुए पुलिसकर्मी न सिर्फ किसी भी बेबस,लाचार,शरीफ,इज्जतदार, व्यापारी,व्यवसायी आदि को फर्जी आरोपी बनाकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं बल्कि आला अधिकारियों के रहमो करमपर पुलिसकर्मी किसी भी व्यक्ति के घर, मकान अथवा प्रतिष्ठान में अपराधियों की तरह लालफीताशाही की आड़ में खुलेआम दिनदहाड़े जुर्म ढाते हुए उच्चतम न्यायालय और मानवाधिकार आयोग की धज्जियां उड़ाकर अपराध की पराकाष्ठा को बेखौफ होकर लांघते नजर आ रहे हैं।इन बदतर हालातों को दुरुस्त करने जिले मे पुलिस कप्तान की बदली की गई लेकिन पुलिसिंग मे आपेक्षित बदलाव की उम्मीद अभी भी पूरी नहीं हुई है।बहरहाल मामला शहर के मध्य सबसे व्यवस्तम मार्ग में स्थित एक कपड़ा दुकान में बीते 29 जनवरी को हुई चोरी की वारदात से जुड़ा है। प्रार्थी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दुकान से 7 लाख से अधिक की रकम के अलावा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी लेकर फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम डॉग स्वायड के साथ मौके पर पहुंचकर चोरों की पतासाजी की लेकिन एक माह का समय गुजर जाने के बाद भी अब तक पुलिस को कोई महत्वपूर्ण सुराग तक हाथ ना लगना शहर की मुस्तैद पुलिसिंग पर सवाल खड़े कर रहा है। दूसरी तरफ पुलिस भी वारदात को हर एंगल से देखते हुए मंगला क्लाथ के चोरों तक पंहुचने की कोशिश मे लगी हुई है।पुलिस के साइबर डिपार्ट से लेकर सारे स्क्वायड टीम बनाकर मामले की तफ्तीश मे लगे जरूर हैं किंतु एक माह बाद भी सफलता न मिलना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। इसी कड़ी मे दो तीन दिन पूर्व नव नियुक्त युवा एसपी ने घंटों बैठकर सिटी कोतवाली थाने मे पुलिस वालों की जमकर क्लास ली थी। घटना स्थल सदर बाज़ार मंगला क्लाथ से बामुशिकल 200 मीटर की दूरी पर सिटी कोतवाली और उतनी ही दूरी पर एसपी कार्यालय। बावजूद इसके चोरों की कामयाबी युवा कप्तान की प्रतिष्ठा पर प्रश्न चिह्न लगा रहा है।जिस एस आई को बिबेचना की जिम्मेदारी सौंपी गई है उनकी जानकारी ली गई तो पता चला अवकाश पे हैं। ऐसे मे सारी जबाबदेही टी आई की बनती है।

### पूछताछ जारी है

मंगला क्लाथ मे हुई चोरी की वारदात मे पुलिस की सर्चिंग जारी है। हर एंगल से घटनाक्रम की जानकारी लेकर क्लू एकत्र किये जा रहे हैं।डॉग स्क्वायड को भी लगाया गया है। जल्द ही आरोपी भी पकड़े जाएंगें।

**शनिप रात्रे**
**टीआई, सिटी कोतवाली**




## एक नजर

### शराबी ने बदसलूकी की

**भिलाई, 28 फरवरी।** भिलाई रात को गश्त पर निकले दुर्ग सीएसपी और उनके चालक से एक शराबी ने बदसलूकी की आरोपित ने सीएसपी की शासकीय गाड़ी पर पहले मुक्का मारा। उसे समझाने के लिए उतरे चालक को उसने सीएसपी का सामने ही पीट दिया वायरलेस पर विवाद की जानकारी मिलते ही मोहन नगर थाना की टीम मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में लिया आरोपित के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, गाली-गलौज शासकीय सेवक से मारपीट और धमकाने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि दुर्ग सीएसपी चिराग जैन रात को डिविजन गश्त पर निकले थे। उनके साथ उनका वाहन चालक सिपाही नवीन यादव भी था रात में करीब एक बजे ग्रीन चौक से दीपक नगर की ओर जाते समय आरोपित संदीप उपाध्याय रास्ते में शराब के नशे में दिखा उसे देखकर सीएसपी ने अपनी गाड़ी रुकवाई तो आरोपित बीच रोड पर गुंडागर्दी करने लगा पुलिस वालों को गाली देते हुए उसने सीएसपी की सरकारी गाड़ी पर मुक्के से मारा सीएसपी का वाहन चालक नवीन यादव बाहर निकला तो आरोपित ने उससे भी मारपीट की इसके बाद सीएसपी के गनमैन ने बीच बचाव किया वायरलेस पर विवाद की जानकारी दिए जाने पर मोहन नगर थाने की टीम मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में लिया गया हैरानी की बात ये है कि जिस जगह पर घटना हुई, वहां से मोहन नगर थाना की दूरी महज 500 मीटर है इसके बाद भी देर रात तक वहां पर शराब परोसी जा रही थी रात में आरोपित वहां पर शराब के नशे में घूम रहा था संभव है कि आरोपित संदीप उपाध्याय नशे में सिपाही की जगह सीएसपी चिराग जैन से भी मारपीट कर सकता था हालांकि ऐसी घटना नहीं हुई देर रात को ग्रीन चौक के पास ऋषि बार के सामने हुई घटना सीएसपी से भी बदसलूकी, मोहन नगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट की।



### शारीरिक शोषण के आरोपी को पोड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कवर्धा, 28 फरवरी।** नाबालिक पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा कर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी पुष्पेंद्र साहू पिता पंचराम साहू उम्र 22 वर्ष एवं रामकुमार साहू पिता चिंताराम साहू उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी खड़ओदा कला चौकी पोड़ी थाना बोडला को थाना बोडला के अपराध क्रमांक 12/2024 धारा 363,366, 3762 एवम् 06 pacso act के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

### 12वीं का छात्र घर से लापता

**भिलाई, 28 फरवरी।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र एग्जाम की तैयारी कर रही एक छात्र अचानक घर से लापता हो गया। घर के अंदर ब्लेड और उस पर खून के निशान से परिजन अनहोनी की आंशका जता रहे हैं इस मामले में कुम्हारी थाने में परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करा दी है कुम्हारी टीआई संजीव मिश्रा ने बताया कि निवासी जंजगिरी छात्र कुशाल साहू की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है छात्र की मां अनुसुइया साहू ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं बेटी बड़ी है बेटा कुशाल जंजगिरी में आत्मानंद हाईस्कूल में 12वीं का छात्र है एक मार्च से परीक्षा शुरू होने वाली है। इसके चलते घर में रहकर तैयारी कर रहा था। वह खुद रायपुर एम्स में नौकरी करती है जबकि उसके पिता रमेश साहू भी प्राइवेट काम करते हैं।

### सड़क हादसे में मौत

**भिलाई, 28 फरवरी।** भिलाई उमदा चौक मोड़ के पास भिलाई-3 में 11 फरवरी को हुए एक सड़क हादसे में मौत के जिम्मेदार वाहन चालक के खिलाफ सवा महीने बाद पुलिस ने धारा 279, 304ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। हालांकि जांच के दौरान टक्कर मारने वाले वाहन का पुलिस पता नहीं लगा पाई है और अब भी वाहन व चालक को अज्ञात बताया है दर्ज एफआईआर के अनुसार पुरैना यादव मोहल्ला भिलाई -3 निवासी लक्ष्मण प्रसाद पटेल उर्फ लक्की 11 फरवरी की दोपहर मोटर साइकिल से उमदा तरफ जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उमदा मोड़ के पास टक्कर मार दी। इस हादसे में लक्ष्मण प्रसाद की मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर जांच के बाद सवा महीने बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह गरीबों के लिए वरदानः गीता घासी साहू

**राजनांदगांव।** कुमरदा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।इस आयोजन में रस्मों रिवाजों के साथ सात जोड़ों का विवाह कराया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने उपहार भेंट करते हुए सभी नव युगल जोड़ी को जीवन पथ पर आगे बढ़ाने की कामना करते हुए बधाई दी।

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के नाम पर कवर्धा में अनुमानों व चर्चा का दौर शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 फरवरी।** कबीरधाम जिले में पान दुकान , होटलों में लोग चर्चा करते हुए दिख रहे है की भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी की लिस्ट में बहुत सारे दावेदार को लेकर चर्चा हो रही है जिसमें प्रमुखता से सामान्य चेहरे में वर्तमान सांसद संतोष पांडेय , पूर्व सांसद अभिषेक सिंह , बीजेपी जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा और ओबीसी चेहरा में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव , बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक साहू , जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , मुंगेली विधानसभा प्रभारी और लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान सह संयोजक सीताराम साहू , जिला महामंत्री संतोष पटेल के नाम को लेकर सुगबुगाहट हो रही है । वर्तमान सांसद संतोष पांडेय की ईमानदार छबि की भी तारीफ होती है । सगठन में ईमानदारी से काम करने वालो को तरजीह मिलने की संभावना दिख रही है चाहे वो सामान्य या ओबीसी हो ऐसा कई निष्ठावान कार्यकर्ता कहते है । फिलहाल अभी तक कोई नाम तय नहीं है लेकिन रायपुर , दिल्ली तक कई कार्यकर्ता टिकट की आस में प्रयास करना शुरू कर दिया है और कइयों ने कहा की पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे हम निभायेंगे। माना जा रहा है की कांटो का मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी में होगी । पूर्व सांसद मधुसूदन यादव की चर्चा जोरों से है । जिला बीजेपी अध्यक्ष अशोक साहू की दावेदारी की चर्चा क्योंकि उनके कार्यकाल में कवर्धा और पंडरिया विधान सभा भाजपा ने जीत दर्ज की है । मुंगेली विधान सभा प्रभारी सीताराम साहू ने दावेदारी के सवाल पर बताया की पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे दिल से निभायेंगे और कमल खिलाना पहली प्राथमिकता है और बायोडाटा जमा कर दिया गया है । जिला मीडिया प्रभारी जस बीजेपी जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने कहा की उन्हे पूरी आशा है की इस बार सांसद की टिकट मिल जायेगी और बायोडाटा भी संगठन स्तर पर जमा कर चुके है । संगठन में जसविंदर बग्गा को कार्य करने का बहुत अच्छा अनुभव है लेकिन बहुत सारे बीजेपी कार्यकर्ता की भी ख्वाहिश है की हमे टिकट मिले । जिला महामंत्री संतोष पटेल को भी संगठन में अच्छा अनुभव है और सरपंच से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष का सफर रहा है । हिंदुत्व , महतारी वंदन योजना , महंगाई , बेरोजगारी , भ्रष्टाचार और प्रत्याशी की छबि मुद्दे की चर्चा जनमानस में है ।

# सतनाम मेला के समापन कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व विधायक ममता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 फरवरी।** पांडातराई नगरपंचायत में चल रहे तीन दिवसीय सतनाम मेला के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ,अध्यक्षता महेश चंद्रवंशी पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग,रूपेंद्र वर्मा सहित नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष गोयल, त्रिलोचन सलूजा, जुगल पांडे ,पुष्कर लहगीर,देवेंद्र डाहीरे,अमन पाटस्कर,सरोज जायसवाल, राजेंद्र मारकंडे, पालेश्वर चंद्राकर,प्रदीप जायसवाल,सहित काफी संख्या में सामाजिक महिलाओं पुरुष शामिल हुए वहीं पंथी नित्य कार्यक्रम हुवा आए हुए अतिथियों का सम्मान पुष्प कुछ एवं मोमेंटो के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया सतनामी समाज के द्वारा सतनाम भवन निर्माण सहयोग के लिए पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर का आभार व्यक्त किया गया एवं जैतखाम निर्माण हेतु सहयोग के लिए महेश चंद्रवंशी का भी आभार व्यक्त किया गया रंगारंग संस्कृत कार्यक्रम के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया अतिथियों ने बाबा गुरु घासीदास जी के बताए हुए सत्य अहिंसा और सामाजिक सद्भावना के मार्ग पर चलने को कहा।

# सरस मेला में कलेक्टर व सीईओ ने स्टाल में सामग्रियों को देखा, समूह की दीदियों से चर्चा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 फरवरी।** कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित सरस मेले में तरह-तरह के रंग-बिरंगे, आकर्षक, मनमोहक, कलाकृतियों के साथ विभिन्न सामग्रियों की स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने स्टॉल का भ्रमण कर समूह की दीदीयो से चर्चा की। इस दौरान उनके उत्पादों के विषय में जानकारी प्राप्त कर व्यापार बढ़ाने के लिए सुझाव दिए।



जशपुर की महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बास से निर्मित टोकनिया एवं डब्बे सभी साइज में उपलब्ध है। बेमेतरा जिले के समूह द्वारा केले के पेड़ के रेशे से बने बैग, जैकेट, चटाई आदि रखी गई है। जांजगीर चांपा से कोसा सिल्क की बनी साड़ियां एवं अन्य वस्त्र, रायगढ़ के समूह द्वारा झारा शिल्प रखी गई है। वनांचल क्षेत्र से आए समूह द्वारा केमिकल रहित देशी गुड़, दंतेवाड़ा से आए समूह द्वारा कोदो-कुटकी, हल्दी, मिर्ची एवं अन्य मसाले अपने स्टाल में रखे गए हैं। उड़ीसा के समूह द्वारा अगरबत्ती जूट उत्पादन एवं गोल्डन ग्लास रखा गया है। सागर मध्य प्रदेश के समूह द्वारा आंवला से बने विभिन्न उत्पादन रखे गए हैं। उत्तराखंड का हैंडलूम एवं राजस्थान गाजियाबाद के कपड़े, पैरा आर्ट सहित अनेक उत्पाद प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए रखे गए रखे गए हैं।सरस मेले में ही क्राफ्ट मेला रखा गया है, जिसमे हैंडलूम के कपड़ो की वैरायटी है। अचार, चूड़ियां, बैग, कालीन, टोपी, चादर जैसे अनेक सामग्रियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। फूड स्टॉल के द्वारा मेले में आए लोगों को गरमा-गरम स्वादिष्ट स्वल्पाहार मिल रहा है। विशेष कर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की मांग ज्यादा रही। फूड स्टाल में दुर्ग से आई महिला समूह के सदस्य ने बताया कि उनके स्टाल में अतिथियों के मांग अनुसार बहुत से व्यंजन उपलब्ध है और व्यवसाय भी बहुत अच्छा हो रहा है। मथुरा चाट भंडार भी लोगो की पसंद बनी हुई है। बच्चों युवाओं के लिए मीना बाजार सजा हुआ है, जिसमें अनेक प्रकार के झूले एवं खेलकूद के साधन रखे गए हैं। इन आकर्षणों के साथ स्वदेशी बाजार के स्लॉट में लोगों के लिए अनेक उत्पादों को रखा गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में 26 फरवरी से 6 मार्च तक 10 दिवसीय सरस मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ से एवं अन्य राज्यों से स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों की प्रदर्शनी सह विक्रय स्टाल लगाए गए हैं।

### निःशुल्क हेलमेट वितरण का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन एवं दुर्ग यातायातपुलिस के सयुक्त तत्वाधान में यातायात सुरक्षा व जनजागरूकता के लिए निःशुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम 28 फरवरी बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर बीरा सिंग चौक में 10.30 बजे कार्यक्रम रखा गया है। गत दिवस एसोसिएशन के पदाधिकारी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह व महासचिव मलकीत सिंह लल्लू के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला से मिलकर निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम की बात को रखे थे। उनकी सहमति के बाद ही भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के लोगों ने एकस्लोगन भी दिया है आपकी सुरक्षा हमारा संकल्प हेलमेट लगाए सुरक्षित रहें।

# पत्नी के मायके जाने से दुखी युवक ने आत्महत्या की

**भिलाई, 28 फरवरी।** भिलाई पत्नी के मायके जाने से दुखी एक युवक ने कोसानाला के बंद हो चुके टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर के सामने कूदकर मृतक सुशील यादव आत्महत्या कर फाइल फोटो ली आत्महत्या करने के पहले युवक काफी देर तक टोल प्लाजा के बूथ के आसपास घूम रहा था सुपेला पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है सुपेला प्रभारी मनीष वाजपेयी ने बताया कि आजाद चौक भिलाई - 3 निवासी सुशील यादव (36 ) कोसानाला टोल प्लाजा के बूथ के पास एक कंटेनर के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके परिवार वालों से पूछताछ की तो पता चला कि करीब महीनेभर पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई है इसके बाद से सुशील काफी ज्यादा दुखी रहने लगा था चार दिन पहले वह घर से निकल गया था और मंगलवार को आत्महत्या कर ली। सुशील बीएसपी में ठेका श्रमिक था पुलिस ने कोसानाला टोल प्लाजा के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच को उसमें सुशील काफी देर तक टोल प्लाजा के बूथ के पास घूमता दिखा इसके बाद वह टोल बूथ से सटकर खड़ा हो गया था और तेजी से आ रहे कंटेनर को देखकर उसके सामने कूद गया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके स्वजनों को सौंप दिया है ।



### जन-जन को साक्षर बनाना है शत-प्रतिशत मतदान कराना है

**दुर्ग, 28 फरवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में जिला पंचायत दुर्ग में कार्नीवाल का आयोजन किया गया। जिसमें कार्नीवाल के माध्यम से 'जन-जन को साक्षर बनाना है शत्-प्रतिशत मतदान कराना है' टैग लाइन के साथ जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कार्नीवाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुश्री चौधरी एवं सीईओ ने हरी झण्डी दिखाकर रेली को रवाना किया। इस कार्यकम का उद्देश्य कार्नीवाल के माध्यम से उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम का आगाज करना एवं जिले के मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित कर जागरूक करना है। कार्यकम में 10 से 12 महाविद्यालय, विद्यालय एवं स्वयंसेवी संस्था के लगभग 450 युवाओं को शामिल किया गया।

# पीएम योजना आवास आबंटन 29 फरवरी को लॉटरी से किया जायेगा



**भिलाईनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रजत बिल्डर्स शांति नगर कोहका में निर्मित मकानो का 29 फरवरी को लॉटरी पद्धति से आवास आबंटन किया जाना है। योजना के तहत प्राप्त 421 आवेदनो में से 156 हितग्राही जिन्होने अपने अंशदान की राशि 10 प्रतिशत जमा किये है ऐसे हितग्राहियो को निगम के आवास शाखा द्वारा लाटरी में भाग लेने सूचना प्रेषित किया गया है। ये हितग्राही 29 फरवरी को प्रातः 11 बजे मुख्य कार्यालय सुपेला निगम प्रागंण में आयोजित लॉटरी में भाग लेकर अपनी किस्मत आजमाएगें।बता दें कि रजत बिल्डर्स में निर्मित कुल 36 आवासों का लॉटरी निकालकर 156 लोगो में आबंटन किया जाना है। जिसमे से भूतल के 12 आवास दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिको के लिए आरक्षित होगा। जिसकी लॉटरी प्रथम क्रम में निकाला जायेगा, इसी प्रकार प्रथम एवं द्वितीय तल के 24 मकानो का आबंटन भी लॉटरी से किया जायेगा। भिलाई निगम के अन्य क्षेत्र में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो के आबंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय कक्ष क्रमांक-16 के काउन्टर में आवेदन जमा करने का कार्य भी किया जा रहा है। किराये में निवासरत पात्र हितग्राही अपने स्वयं के मकान के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### विधायक की फटकार के बाद जगी थी उम्मीद

# पांच किलोमीटर की खराब सड़क में पांच मीटर भी नहीं बन पाई

**पत्थलगांव, 28 फरवरी।** यहा के इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक लगभग पांच किलोमीटर की खराब सडक देखकर विधायक गोमती साय ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारीयों को कडी फटकार लगायी थी,जिसके बाद विधायक के सामने ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारीयों ने एक लोडर मरम्मत का सामान लाकर रोड बनाना शुरू किया था,परंतु यह कार्य शायद विधायक एवं शहर के लोगो की आंख मे धूल झोंकने के लिए शुरू किया गया था,विधायक के जाते ही लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू कराया गया कार्य एक घंटे भी ठीक से चल नही पाया। पांच किलोमीटर की बेहद जर्जर सडक मे पांच मीटर सडक भी ठीक से नही बनायी जा सकी। दरअसल यहा का इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक रायगढ रोड की सडक की हालत बेहद खराब हो चुकी है,पांच किलोमीटर की खराब सडक मे पांच सौ से भी अधिक जानलेवा गडढे बन चुके है।



पांच किलोमीटर की सडक का सफर तय करने मे लोगो को घंटो लग जा रहे है,दो माह पूर्व पत्थलगांव विधानसभा मे भाजपा ने अपनी सरकार बनायी थी,जिसके बाद शहर के लोगो को इस शासनकाल से काफी उम्मीदे जागी थी,एक सप्ताह पूर्व लोगो ने सडक को लेकर हल्लाबोल शुरू कर दिया था,जिसके बाद विधायक गोमती साय ने रायगढ रोड सडक की दुर्दशा देखकर पी.डब्लू.डी के अधिकारीयों को बुलाकर उन्हे फटकार लगायी थी,उनकी फटकार का असर के कारण पी.डब्लू.डी के अधिकारीयों ने रायगढ रोड मे मरम्मत का काम शुरू किया था,परंतु यह कार्य कुछ घंटो के लिए ही शुरू कर उसे बंद कर दिया गया,जिसे देखने के बाद लोग एक बार फिर रायगढ रोड सडक की दुर्दशा देखकर विरोध करना शुरू कर दिये है। रायगढ रोड मे रहने वाले बंटी सिन्हा का कहना था कि आम नागरिको की तरह ही सडक विभाग मे बैठे अधिकारी अब जनप्रतिनिधियों की आंख मे धूल झोंकने से बाज नही आ रहे है।।

आंदोलन की चेतावनी-:लगभग पांच साल से शहर के इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक पांच किलोमीटर की सडक का हाल बेहद दयनीय है,इस मार्ग मे बसे लोग अनेक बार शासन-प्रशासन से रोड सुधार की मांग कर चुके है,परंतु उसके बाद भी दो संभागो का पेच फंसे रहने के कारण यह मार्ग आज प्रर्यन्त तक नही बन पाया। शहर के मध्य से सडक का गुजरने के कारण यह सडक लोगो के लिए दो जिलो को जोडने का काम करती है। व्यापार की दृष्टी से भी सडक की महत्वता काफी बढ जाती है। अब भी इस मार्ग मे यदि सुधार कार्य नही होता है तो शहरवासी आंदोलन की चेतावनी दे रहे है।।

# कलेक्टर ने की नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत चल रही गतिविधियों की समीक्षा

**दुर्ग, 28 फरवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नशा मुक्त भारत अभियान योजना की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में नशे संबंधित होने वाली गतिविधियों की गहन समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान (एन.एम.बी.ए.) के बैनर तले युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और जन समुदाय की भागीदारी के साथ मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम हेतु कार्ययोजना बनाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए सभी एसडीएम को अपने अपने विकासखण्ड में हॉटस्पॉट का चिन्हांकन कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा स्कूल व कॉलेजों में निरंतर अभियान चलाए जाए व शिक्षकों द्वारा नशा मुक्ति पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर उन्हें रोका जा सके। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 21 जून को योगा दिवस के अवसर पर स्कूलों में खेल प्रतियोगिताओं, खेल एवं योगा के माध्यम से शिक्षकों द्वारा नशा मुक्ति संदेश देना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुलिस विभाग एवं की मदद से भी जागरूकता अभियान चलाए जाने को कहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के मानसिक विकास में बहुत सहायक होता है। खेल खेलने वाले बच्चों की मानसिक दृढ़ता के कारण उनमें नशे की ओर जाने की संभावना कम होती है। उन्होंने कहा जिले के सभी खेल मैदानों की अधोसंरचना पर विशेष ध्यान दिया जाएं तथा खेल सामग्रियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि अधिक से अधिक बच्चों का खेल की तरफ रूझान बढ़े और नशे के अभिशाप से बच्चों को दूर किया जा सके।कलेक्टर ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित जागरुकता प्रचार-प्रसार कार्यक्रम करने, युवाओं, बच्चों, महिलाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं समुदायों को शामिल करके सेमीनार, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा बंदी प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया के द्वारा प्रचार अभियान, नशा बंदी शपथ आदि कार्यक्रम आयोजित कर जागरुकता कार्यकम किया जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग के आपसी समन्वयन से अवैध तरीके से हो रहे नशे के व्यवसाय पर सख्त से सख्त कार्यवाही करते पूर्णतः विराम लगाए जाने की दिशा में कार्य करने कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जेपी मेश्राम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जयसवाल, जिला परिवहन अधिकारी श्री शलभ साहू के साथ अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सभी विभागों में हो आंतरिक शिकायत समिति का गठन

**दुर्ग, 28 फरवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि सभी विभागों में शासन द्वारा कामकाजी महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिंग उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम-2013 की धारा के क्रियान्वयन हेतु जारी मार्गदर्शी निर्देशों के तहत महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिंग उत्पीड़न रोकने हेतु आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाए। यदि पूर्ववत् समिति गठित हो तो इसका पुनर्गठन किया जाए। किसी विभाग में समिति गठन नहीं हुआ हो तो उक्त समिति का गठन अनिवार्यतः कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि विभागां में प्रकरण लंबित न रखे, कार्यालय में उक्त विषय से संबंधित शिकायत होने पर समिति द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में महतारी वंदन योजना के तहत जारी अनंतिम सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए।

# मोहला ग्राम पंचायत में पंचों के इस्तीफे से गरमाया माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 28 फरवरी।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत मोहला के उपसरपंच अब्दुल खालिक (जानू) पर मंडई मेले में मीना बाजार में अवैध वसूली तथा ग्राम पंचायत से जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र में फ़र्ज़ी हस्ताक्षर एवं मुंहर का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है, वही इस मामले में ग्राम पंचायत के समस्त पंचो ने इस्तीफा लेकर कलेक्टर के समक्ष मौजूद हुए जिसको लेकर मामला गरमाया हुआ है। जिसके कारण ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों ने 25 फरवरी को उपसरपंच अब्दुल खालिक (जानू) को 26 फरवरी शाम 5 बजे तक इस्तीफा देने का समय दिया था। और कहा था की अगर उपसरपंच इस्तीफा नही देता है तो हम सभी वार्ड पंच 27 फरवरी को सामूहिक इस्तीफा दे देंगे उपसरपंच द्वारा इस्तीफा नही दिए जाने के बाद 27 फरवरी को ग्राम पंचायत मोहला के चुने हुए सभी वार्ड पंचों द्वारा सामूहिक इस्तीफा दिया गया, जिसके कारण ग्राम पंचायत मोहला में राजनैतिक उथल-पुथल तेज हो गयी है। ग्राम पंचायत मोहला के वार्ड पंचों द्वारा ग्राम पंचायत के उपसरपंच अब्दुल खालिक (जानू) द्वारा अवैध वसूली व ग्राम पंचायत का लेटर पेड का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए सभी वार्ड पंच सामूहिक रूप से अपना इस्तीफ़ा कलेक्टर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को सौंप दिए है इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत को अग्रेषित कर जांच के बाद इस्तीफा स्वीकार करने की बाद कही है। इस्तीफा देने वाले ग्राम पंचायत मोहला के वार्ड पंचों ने आरोप लगाया हैं कि ग्राम पंचायत मोहला के उप सरपंच अब्दुल खालिक (जानू) ने अपने पद का दुरूपयोग कर मंडई मेला में मीना बाजार वालो से अवैध वसूली इसके अलावा सरपंच का मुहर एवं हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर अनापत्ति प्रमाणपत्र देने का भी आरोप लगाया गया है। सभी 20 ग्राम पंचायत मोहला के वार्ड पंचों द्वारा इस्तीफा दे दिए जाने से गांव का राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है।

अब नागरिकों की नजर इस पर है की प्रशासन द्वारा उपसरपंच पर किसी प्रकार की कार्रवाई होती है या नहीं फिलहाल कलेक्टर ने उपसरपंच अब्दुल खालिद पर लगाए गए आरोपों की जांच के आदेश दे दिए हैं। मोहला देव मंडई (मेला) की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है जिसमे नगर की खूबसूरती संजोने मीना बाजार सजता है।

## एक नजर

### आज राजिम कल्प कुंभ में लोकरंजनी लोककला मंच की प्रस्तुति



**रायपुर 28 फरवरी।** राजिम कल्प कुंभ में प्रतिदिन संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मेला में आए श्रद्धालुओं, दर्शकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी लोककला मंच रायपुर की शानदार प्रस्तुति आज रात्रि 7ः00 बजे से दी जाएगी। लोक रंजनी लोक कला मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कला संस्कृति को देश के सभी बड़े महोत्सवों भारत रंग महोत्सव मुंबई, लोकनाट्य महोत्सव भारत भवन भोपाल, विरासत महोत्सव देहरादून, शिलांग, गुवाहाटी, बैंगलोर, जयपुर, भुवनेश्वर, भारत पर्व लाल किला नई दिल्ली, जोधपुर, अंतर्राष्ट्रीय गिरमिटिया महोत्सव कुशीनगर, पृथ्वी थियेटर मुंबई, सहित छत्तीसगढ़ के सभी महोत्सव एवं लोकोत्सव में बहुत ही सुंदर ढंग से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई है। छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति को जन-जन तक ÷लोकरंजनी÷ के माध्यम से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं टीम द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति राजिम कल्प कुंभ में आज रात्रि 7ः00 बजे से दी जाएगी।

### एयरटेल ने रायपुर में अपनी रिटेल स्टोर्स का विस्तार किया

**रायपुर, 28 फरवरी।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने आज घोषणा की कि उसने रायपुर शहर में कंपनी के अपने 3 नए नेक्स्ट जनरेशन स्टोर लॉन्च किए हैं। भानपुरी, भाटागांव और टेलीबंदा में खोले गए नए स्टोर से एयरटेल ने रिटेल उपस्थिति को मजबूत किया है जिससे ग्राहकों को अद्वितीय सेवा का अनुभव होगा । स्टोर अपने पोर्टफोलियो में एयरटेल की अत्याधुनिक तकनीकों का भी प्रदर्शन करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन और ग्राहकों को आजीवन सेवा देने की थीम पर डिजाइन किए गए ये स्टोर एक्सस्ट्रीम, एक्ससेफ, 5जी प्लस आदि सहित एयरटेल की पेशकशों की पूरी श्रंखला प्रदर्शित करेंगे। अद्वितीय सेवा अनुभव प्रदान करने की दृष्टि से एयरटेल फ्रेंड्स के तौर पर देखे जाने वाले स्टोर कर्मचारियों को मोबाइल, ब्रॉडबैंड और डीटीएच सहित एयरटेल के सभी पोर्टफोलियो में ग्राहकों के प्रश्नों व उलझनों को संबोधित करने तथा हल करने के लिए प्रशिक्षित किया।

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने 250 नागरिकों ने लिया सामूहिक संकल्प

**रायपुर 28 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री श्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का तृतीय चरण प्रगति पर है । आज केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के तहत भक्त माता कर्मा मार्ग रामनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण का शिविर दिन की दूसरी पाली में लगाया गया। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 7 के तहत संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के शिविर की व्यवस्था का अवलोकन संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद श्री भोलाराम साहू, वार्ड 22 के पार्षद कुंवर रजियंत सिंह ध्रुव, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस ने जोन 7 जोन कमिश्नर श्री जसदेव सिंह बाबरा , कार्यपालन अभियंता श्री सुशील मोडेस्टस सहित अन्य सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 1371 नागरिकों ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसमें विभिन्न योजनाओं में पात्रता अनुसार 162 नागरिक पंजीकृत किये गये। शिविर में केन्द्र सरकार की लोक हितकारी पीएम विश्वकर्मा योजना से 31 नागरिक पात्रता अनुसार लाभान्वित हुए। शिविर में आयुष्मान कार्ड 31 नागरिकों को तत्काल बनाकर दिये गये, वहीं 55 नागरिकों को आधार कार्ड तत्काल बनाकर दिये गये। शिविर में पीएम उज्जवला योजना में पात्र 18 हितग्राही महिलाओं को लाभान्वित किया गया। पीएम स्वनिधि योजना में पात्रता अनुसार 27 हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के शिविर में क्वीज प्रतियोगिता में 41 नागरिकों ने भाग लिया। 26 नागरिकों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी स्पर्धा में सम्मिलित होकर अपनी सफलता की कहानी स्वतः नागरिकों को सुनायी। 250 नागरिकों द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### जिले के 133 यात्री जायेंगे श्रीरामलला दर्शन के लिये अयोध्या धाम

**धमतरी 28 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में श्रीरामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी तारतम्य में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं सदस्य सचिव श्रीरामलला दर्शन यात्रा समिति सुश्री रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में जिले के 133 दर्शनार्थियों को श्रीरामलला दर्शन, अयोध्या धाम योजना के तहत अयोध्या भेजने हेतु लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। इसमें से 100 ग्रामीण क्षेत्र और 33 लोग शहरी क्षेत्र के दर्शनार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अयोध्या रवाना होने के पूर्व दर्शनार्थियों के लिये वाहन, सुरक्षा, भोजन, पानी इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। इसके साथ ही दर्शनार्थियों के रवाना होने के पूर्व उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर 133 यात्रियों का चयन लॉटरी पद्धति से किया गया है। अयोध्या धाम जाने के इच्छुक जिले के अन्य नागरिक भी आवेदन कर सकते हैं, आगामी दिनों में वे भी यात्रा का लाभ उठा सकते हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतिम दिन मोहारा शिविर में महिलाओं की रही भागीदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 फरवरी।** केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण के मोबाईल वेन तीन दिनों तक शहर में रही। निगम सीमाक्षेत्र के चारो दिशाओं में नगर निगम द्वारा 6 शिविर आयोजित की गयी, जहॉ चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गयी। अंतिम दिन मोहारा में आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लेने महिलाओं मे उत्साह था। आज के शिविर का शुभारंभ समाजसेवी श्री राजेन्द्र गोलछा ने नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, राजेश जैन रानू, गप्पू सोनकर, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, अरूण देवांगन, पूर्व पार्षद श्रीमती शकुंतला देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि श्री अरूण दामले व श्री अरूण साहू सहित श्री आलोक श्रोती, आकाश चोपड़ा, सोमेश मानिकपुरी, कमलेश प्रजापति, वेकटेश राव, की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के माध्यम से किया एवं उपस्थितजनों को शपथ दिलाये। शुभारंभ के पूर्व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके,प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव,प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती एवं निगम के अधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

अतिथियों द्वारा सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियो से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला समूहों में मोहारा वार्ड नं. 47 की नवशक्ति स्व सहायता समूह, नवदीप स्व सहायता समूह, मॉ अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह, मॉ तुलसी स्व सहायता समूह तथा गायत्री स्व सहायता समूह को श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# नशे में धुत्त पुलिस कर्मी ने भाजपा कार्यकर्ता की कर दी पिटाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**डोंगरगढ़ 28 फरवरी।** ला एंड आर्डर बनाए रखने की ज़िम्मेदारी जिन कंधों पर होती है अगर वे ही अपनी ज़िम्मेदारी से पीछे हटे तो बवाल मचना जायज़ है।पुलिस हमेशा पब्लिक की सुरक्षा के लिए जानी जाती है लेकिन अगर वही पुलिस जनता तो गोली मार देने की बात करे तो जनता का भड़कना भी जायज़ है । पूरा मामला डोंगरगढ़ के मुसरा गाँव का है जहां डोंगरगाँव विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में तीन दिवसीय लोक मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था । बताया जाता है कि रात कार्यक्रम के समापन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता कन्हारडबरी निवासी जितेंद्र वर्मा अपने परिवार के साथ लोक मड़ई देखने पहुँचे थे लेकिन गेट पर ही उनकी पुलिस कर्मी से बहस हो गई जितेंद्र कि माने तो पुलिस कर्मी नशे में धुत्त था और उनकी बात सुने बगैर मारपीट करने के उद्देश्य से जमकर पिटाई कर दी। समिति के सदस्यों को इस मामले का पता चला तो उन्होंने डोंगरगढ़ टी आई भरत बरेठ से शिकायत की लेकिन टीआई बरेठ ने मामले को शांत करवाना छोड़ उल्टा आग में और घी डाल दिया । भरत बरेठ ने विवाद के दौरान कह दिया कि अगर मेरा कॉलर कोई पकड़े तो मैं उसे गोली मार दूँगा । गोली मारने की बात सुन कर लोग आक्रोशित हो गये और पुलिस प्रशासन के ख़िलाफ़ जम कर नारेबाज़ी करने लगे ।कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिसके बाद लोग पुलिस जवान के मेडिकल जाँच की माँग करने लगे, बात बिगड़ती देख टीआई भरत बरेठ ने माँफी तो माँग ली लेकिन भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई को लेकर समिति ने पूरे मामले की शिकायत गृह मंत्री विजय शर्मा से शिकायत की है और मंत्री जी ने कार्यवाही का आश्वासन भी दिया है । धर्म नगरी डोंगरगढ़ में पिछले दिनों अवैध शराब बिक्री का मामला विधानसभा में भी गूंजा विधायक हर्षिता बघेल ने भी ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मी पर नशे में होने का आरोप लगाया ऐसे में फिर पुलिस कर्मियों के नशे में ड्यूटी करने का मामला सामने आया है जिस पर डोंगरगढ़ पुलिस पर कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे हैं ।

# पण्डित श्यामाचरण शुक्ल को जयन्ती पर दी आदरांजलि

**रायपुर 28 फरवरी।** आज अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पण्डित श्यामा चरण शुक्ल की जयन्ती पर उन्हें सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन क्रमांक 4 के सहयोग से राजधानी शहर के जीईमार्ग पर गौरवपथ फेस - 1 क्षेत्र में गाँधी उद्यान स्वर्ण जयन्ती तिराहा के सामने उनकी प्रतिमा स्थल के समक्ष संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया। आयोजन में पहुंचकर अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पण्डित श्यामा चरण शुक्ल को उनकी जयन्ती पर प्रदेश के पूर्व मन्त्री एवं उनके सुपुत्र श्री अमितेष शुक्ल, नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री आकाश तिवारी, एमआईसी सदस्य श्री सुन्दरलाल जोगी, पूर्व पार्षद श्री मनोज कन्दोई सहित नगर के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल में पहुंचकर अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पण्डित श्यामा चरण शुक्ल को जयन्ती पर आदरांजलि अर्पित की।



# 10 लाख की चोरी का 24 घंटे के भीतर खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 फरवरी।** प्रार्थी सुमित सेठिया पिता स्व0 उत्तम चंद सेठिया उम्र 40 साल निवासी महेन्द्र नगर राजनांदगांव थाना बसंतपुर का रिपोर्ट कराया कि दिनांक 25.02.2024 के प्रातः 04:00 बजे इसके सूने मकान में अज्ञात चोर द्वारा घर का दरवाजा तोडकर आलमारी में रखे नगदी रकम एवं सोने के आभूषण जुमला कीमती 9,50,000/रूपये को चोरी का ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 73/2024 धारा 457,380 भादवि0 पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिले के कप्तान श्री मोहित गर्ग (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक राजनांदगंव के निर्देशन में श्री राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं श्री अमित पटेल नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगावं के मार्गदर्शन पर, थाना प्रभारी थाना बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन एवं विवेचना अधिकारी सउनि. डेजलाल माण्डले एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा व उनकी सायबर टीम राजनांदगांव के साथ विवेचना के दौरान घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण एवं घटना स्थल के आप-पास लगे सीसीटीव्ही0 फुटेज को खंगाला गया। जिसमें तीन अज्ञात आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त एक सिल्वर रंग का मारूती स्वीफ्ट, कार जिका रजिस्ट्रेशन नंबर छ्रछ्रष्ट होना पाये जाने से उक्त संदिग्ध वाहन के संबंध में, जिले के समस्त टोल प्लाजा को चेक किया गया। जो उक्त वाहन को सीसीटीव्ही अवलोकन पर रायपुर, दुर्ग की तरफ से राजनांदगांव आना पाया गया। वरिष्ठ अधिकारीगणों के निर्देशन पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ प्रदेश के समस्त थाना/चौकी प्रभारी को नाकाबंदी हेतु सूचित कराया गया तथा अज्ञात आरोपीगणों के पतासाजी हेतु जिला दुर्ग के कुम्हारी एवं रायपुर व बिलासपुर के मध्य में लगे टोल प्लाजा में लगे सीसीटीव्ही0 कैमरा का अवलोकन करने पर आरोपीगण घटना में प्रयुक्त कार जिला कबीरधाम की तरफ जाने की जानकारी मिली थी।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रीष्मकाल के पहले हर घर पानी उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# घर-घर पानी समय पर मिले यह हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारीः कलेक्टर



**राजनांदगांव 28 फरवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में कान्ट्रेक्टर्स की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घर-घर पानी समय पर मिले यह हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्री अग्रवाल कहा कि जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखकर जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यों को स्वीकृत किया गया है। इनमें से कुछ कार्य प्रारंभ और प्रगतिरत है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों से कहा कि प्रगतिरत एवं स्वीकृत कार्यों को पूरा कर आगामी ग्रीष्मकाल के पहले स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने मार्च माह तक स्वीकृत सभी कार्यों को पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, यह जनहितकारी कार्य है। इसे प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी ग्रीष्मकाल में किसी को भी पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजल के संबंध में जनसामान्य में समस्या होने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसे ब्लैक सूची एवं अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन कान्ट्रेक्टर्स एवं ठेकेदार ने कार्य शुरू नहीं किया है वे शीघ्र शुरू कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सूचित करें। एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने इन कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता, निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। इसके साथ ही साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समन्वय की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि किसी गांव में पेयजल की उपलब्धता के लिए कोई दिक्कत आ रही है तो फिल्ड में विजिट कर कार्य को पूरा करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूरे हो गए है, वहां विद्युत कनेक्शन के लिए त्वरित कार्रवाई कर जल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी स्वीकृत कार्यों की बारी-बारी समीक्षा की। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री समीर शर्मा, क्रेडा विभाग की श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी एसडीओ, उप अभियंता एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा राज आते ही नागरिकों को दौड़ा रहा निगम प्रशासनः कुलबीर



**राजनांदगांव 28 फरवरी।** सत्ता परिवर्तन होते ही प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश में संचालित राशन कार्डों के नवीनीकरण के पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशन पर वार्डों में शिविर के माध्यम से नए राशन कार्ड का वितरण शुरू किया जा रहा है किन्तु चार से पांच-वार्ड का राशन कार्ड एक स्थान पर वितरणकिया जा रहा है। अधिकतर लोगों का राशन कार्ड आया ही नहीं है। इन हितग्राहियों को बुलाकर भटकाया जा रहा है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार के आदेशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डों के नवीनीकरण किया गया पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशन पर शहर के वार्डों में शिविर के माध्यम से नए राशन कार्ड का वितरण शुरू किया गया है। जिसके तहत शहर वार्डों में स्थल पर चयन कर एक स्थान से राशन कार्ड वितरित किया जाना चाहिए था, किन्तु निगम प्रशासन 04 से 05 वार्डों के नागरिकों को भटकाने व परेशान करने को लेकर किसी एक वार्ड के स्थान से राशन कार्ड का वितरण किया जा रहा है जिसके कारण दूसरे वार्ड के नागरिकों को अपने-अपने वार्ड से दूर जाकर राशन कार्ड लेना पड़ रहा है जिसके कारण नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही वहीं कई हितग्राहियों का राशन कार्ड बनकर नहीं आया है करके निगम कर्मचारियों द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। इसी तरह कई नवीनीकृत राशन कार्डों में राशन दुकान के क्रमांक भी बदल दिए गए है। जिसके कारण राशनकार्डधारी हितग्राही काफी नाखुश नजर आ रहे है। इसी तरह एपीएल राशनकार्ड धारियों से नवीनीकरण कर नए कार्ड लेने पर 10 रूपए लिया जा रहा है जो न्यायसंगत उचित नहीं है।श्री छाबड़ा ने निगम आयुक्त को लिखे पत्र में साफ-साफ शब्दों कहा है कि भाजपा राज आते ही निगम की इस कार्यप्रणाली से जनता के परेशानी का दौर निगम प्रशासन ने शुरू कर दिया है। यदि यह व्यवस्था तीन दिन के भीतर नहीं सुधारी जाती है तो हम कांग्रेसजनों द्वारा राजनांदगांव के विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 16वीं किश्त की राशि का होगा भुगतान

**राजनांदगांव 28 फरवरी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत किसानों को 16वीं किस्त 28 फरवरी 2024 को अपरान्ह 4 बजे जारी की जाएगी। योजनांतर्गत जिले के 1 लाख 16 हजार 292 कृषकों को 23 करोड़ 26 लाख रूपए का भुगतान उनके खाते में सीधे आधारबेस्ड प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। अभियान को और बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी होने के दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। किसानों को आधार-सीडेड बैंक खाते के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे ने बताया कि भारत सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य सभी भूमि धारक किसान परिवारों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करना है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केन्द्र क्षेत्रीय (सेन्ट्रल रोक्टर) योजना 1 फरवरी 2019 से संचालित है। योजना का उद्देश्य कृषकों को न्यूनतम आय सहायता प्रदान करना है। जिसकी राशि तीन समान किश्त 2000 रूपए कुल 6000 रूपए प्रति वर्ष कृषकों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सभी गांवों में ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी (वीएनओ) नामित किए गए हैं। वे पीएम किसान योजना की आधारशिला बन गए हैं। वीएनओ विमोचन समारोह में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अन्य किसान लिंक से कार्यक्रम में शामिल हो सकते है।

### प्रभु को पाना है तो बुजुर्गों व माता-पिता का सम्मान करोः वैष्णव



**राजनांदगांव 28 फरवरी।** राजनांदगांव स्थल ग्राम रानी तराई में आयोजित नवदीप सिंह श्रीमद् भागवत यज्ञ का आयोजन किया गया भागवत पुराण के वित्त प्रांगण में प्रभु के अगद स्नेहा को पानी जिला किसान कांग्रेस महामंत्री योगेंद्र दास वैष्णव शामिल होकर भागवत कथा का रसपान किया रानीतरई में जय दुर्गा महिला मानस सेवा प्रचार समिति एवं महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा 18 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजन किया गया भागवत आचार्य पंडित भगवती प्रसाद तिवारी जी द्वारा भक्तों को भागवत कथा गीता सार तुलसी वर्षा तथा सुनने रोजाना भक्तों के भीड़ लगी रहती थी 27 फरवरी को योगेंद्र दास वैष्णव ने भागवत आचार्य भगवती प्रसाद तिवारी प्रसारणकर्ता घनश्याम तिवारी जी के चरण स्पर्श श्रीफल भेंट किया वैष्णव ने भक्तों से कहा भगवान को पाना है तो बड़े बुजुर्गों का सम्मान अपने माता-पिता के सेवा करो श्री रामचरितमानस में वर्णन आता है कि विशुद्ध प्रभु प्रेम भक्ति शबरी ने प्रभु राम का आगमन को उसे समय तक से प्रतीक्षा की जब तक प्रभु श्री राम ने भिंलनी के जूठे बेर का पूर्ण आनंद के साथ नहीं चखा ऐसे धार्मिक आयोजन से प्रासंगिक तभी सार्थक होती है जब हम अपने समाज में एकता बांधे रखने में कामयाब होते हैं कलयुग में ऐसी भक्ति भाव का होना बहुत जरूरी है हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है धार्मिक वातावरण का लाभ उठाकर अपने जीवन को धर्म और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए इस दौरान प्रमुख रूप से राजेन्द्र साहू सरपंच जितेन्द्र साहु उपसरपंच धर्मेन्द्र साहू युवा नेता चैन साहू वरिष्ठ कांग्रेसी कुंती तिवारी पूर्व सरपंच महिला समूह अध्यक्ष अमरीका साहू ललीता साहू कु हेमलता साहू कौशालिया साहू रीना तिवारी भोज साहू यशोदा साहू चेतना साहू बनवाना देवांगन टामीन बिसाहिन अनिता साहू लोमन दास साहू ग्राम प्रमुख धन्ना साहू डेहरा साहू भेखचंद पोषण सहित बड़ी जनसंख्या ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

## किसान असंतोष की जड़ें

कृषि निर्भर परिवारों का आम उपभोग खर्च औसत ग्रमीण उपभोग खर्च से नीचे चला गया है। 2022-23 की इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में औसत घरेलू उपभोग खर्च 3,773 रुपये रहा। लेकिन कृषि निर्भर परिवारों का औसत खर्च 3,702 रुपये ही था। देश के किसान फिर आंदोलन की राह पर हैं। उनकी प्रमुख मांग है फसलों पर स्वामीनाथन फॉर्मूले के मुताबिक एमएसपी की कानूनी गारंटी और संपूर्ण ऋण माफी। इन मांगों को पूरा कराने के लिए कृषक समाज में जान बाजी पर लगा देने की भावना पैदा हुई है। इसकी वजह समझनी हो, तो ताजा जारी घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर गौर करना उपयोगी होगा। इस रिपोर्ट से सामने आया है कि कृषि निर्भर परिवारों का आम उपभोग खर्च औसत ग्रमीण उपभोग खर्च से नीचे चला गया है।2022-23 की इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में औसत घरेलू उपभोग खर्च 3,773 रुपये रहा। लेकिन कृषि निर्भर परिवारों का औसत खर्च 3,702 रुपये ही था। इसके पहले हुए हर घरेलू उपभोग खर्च सर्वे में कृषि आधारित परिवारों का औसत व्यय अन्य ग्रामीण परिवारों से अधिक रहा था। कृषि आधारित परिवारों में वे दिहाड़ी मजदूर और अन्य खेतिहर मजदूर भी शामिल हैं, जिनकी आमदनी का कोई अन्य स्रोत नहीं है। इस नई सूरत की वजह क्या है, यह जानना महत्त्वपूर्ण होगा।

फिलहाल चूंकि इस संबंध में ठोस सूचनाएं उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए इसके बारे में अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। संभव है कि इसका एक कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दूसरे कारोबारों का बढ़ना हो। मसलन, पशुपालन या बागवानी जैसे धंधों में खेती से ज्यादा मुनाफा हो रहा हो। या फिर यह वजह हो सकती है कि कोरोना महामारी के दौरान शहरों से गांव लौटे मजदूरों में से अनेक वहीं रह गए हैं, जिससे श्रमिकों की अधिकता के कारण उनकी मजदूरी घट गई हो। लेकिन कुल मिलाकर यह तस्वीर तो उभरती ही है कि खेती लगातार गैर-लाभकारी होती जा रही है। इसका बड़ा कारण लागत में

### संपादकीय

लगातार बढ़ोतरी और फसल की कीमत में भारी उतार-चढ़ाव रहे हैं। इस पर भी जरूर गौर किया जाना चाहिए कि कृषि में सार्वजनिक पूंजीगत निवेश स्थिर बना हुआ है, जबकि जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का अनिश्चय बढ़ गया है। इन कारणों से खेती अधिक जोखिम भारी पेशा बन गई है। ऐसे में किसानों और कृषि निर्भर अन्य तबकों में असंतोष पैदा होना एक स्वाभाविक घटना मानी जाएगी।

## यह खुशहाली तो नहीं

साल 2011-12 में सर्वेक्षण के लिए अपनाई गई विधि को 2022-23 के सर्वे में बदल दिया गया। इसलिए ताजा रिपोर्ट के बारे में यह तो कहा जाएगा कि यह आज की हकीकत को बताती है, मगर 2011-12 से उसकी तुलना करना तार्किक नहीं होगा।घरेलू उपभोग खर्च सर्वे की 2022-23 की रिपोर्ट से प्रथम दृष्ट्या यह धारणा बनती है कि 2011-12 की तुलना में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आम उपभोग खर्च बढ़ा है। लेकिन ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि 2011-12 में सर्वेक्षण के लिए अपनाई गई विधि को 2022-23 में हुए सर्वे में बदल दिया गया। इसलिए ताजा सर्वे रिपोर्ट के बारे में यह तो कहा जाएगा कि यह आज की हकीकत को बताती है, मगर 2011-12 से उसकी तुलना करना तार्किक और वाजिब नहीं होगा। ताजा सर्वे में अधिक वस्तुओं पर किए गए खर्च को शामिल किया गया, सर्वे में शामिल किए गए 2,61,746 परिवारों के पास सर्वेक्षक कई बार गए जबकि पहले वे सिर्फ एक बार उनका इंटरव्यू करते थे, और इस बार इंटरव्यू में कंप्यूटर की सहायता ली गई जबकि पहले प्रत्यक्ष रूप से कलम-कागज पर आंकड़े दर्ज किए जाते थे। इसके अलावा 80 करोड़ लोगों को हर महीने दिए जा रहे पांच किलो अनाज और अन्य मुफ्त सरकारी सेवाओं के कारण घरेलू खर्च पैटर्न में हुए बदलाव को जारी व्यय आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है। लाजिमी तौर पर उससे हुई बचत को परिवारों ने किसी और मद में खर्च किया है, जिससे समान आमदनी के बावजूद उपभोग खर्च का बढ़ा दिख सकता है। बेशक यह परिवारों के बढ़े उपभोग को जाहिर करता है, लेकिन यह परिवारों की माली स्थिति का ठोस संकेत नहीं है। परिवारों की बेहतर स्थिति का अंदाजा तब लगेगा, जब परिवारों की आमदनी की स्थिति भी सामने आएगी। इस संदर्भ में यह ताजा आंकड़ा गौरतलब है कि 2011-12 की तुलना में 2023-24 की दूसरी तिमाही तक जीडीपी की तुलना में घरेलू ऋण बढ़ कर 26.7 से 38.3 प्रतिशत तक पहुंच गया। वैसे भी सूरत यह उभरी है कि ग्रामीण इलाकों में सबसे धनी पांच प्रतिशत परिवार औसतन हर महीने 10,501 और शहरी इलाकों में 20,824 रुपये उपभोग खर्च कर सकने की स्थिति में पहुंचे हैं। टॉप 10 फीसदी परिवारों को छोड़ दें, तो बाकी 90 फीसदी परिवारों की स्थिति दयनीय नजर आती है। क्या इसे खुशहाली की तस्वीर कहा जाएगा? इसलिए इनको लेकर खुशफहमी पालना अनुचित होगा।

प्रासंगिक

निर्मल रानी

# ‘ट्रैक्टर’ नीति पर भी दोहरा मापदंड ?



एक बार फिर देश किसान आंदोलन का सामना कर रहा है। हर बार की तरह इस बार भी किसानों ने ट्रैक्टर को ही अपना ‘सारथी’ चुना है। दरअसल आंदोलन के दौरान ट्रैक्टर व उससे जुड़ी ट्रॉली केवल किसानों को उनके आंदोलन स्थल तक लाने ले जाने का ही काम नहीं करता। बल्कि आंदोलन स्थल पर किसान इसे अपने चलते फिरते घरों की तरह भी इस्तेमाल करते हैं। आंदोलन लंबा खिंचने की स्थिति में यही ट्रैक्टर और उनमें लगी ट्राली उनके अस्थाई घर और गोदाम के रूप में भी काम करती है। राशन से लेकर कपड़ा कंबल ईंधन आदि सभी सामग्री इन चलते फिरते ‘डिपो ‘ में रखी जाती है। किसान हमेशा से ही ट्रैक्टर को अपनी खेती किसानी के सबसे मुख्य साधन के रूप में प्रयोग करता आ रहा है। इसी ट्रैक्टर से किसान अपनी फ़सल बाज़ार में पहुंचता है। खाद बीज आदि इसी पर लाद कर लाता ले जाता है। जुताई बुवाई के अलावा भी खेतों में इसके और भी कई काम होते हैं। चूँकि ट्रैक्टर किसानों व कृषि के मुख्य साधन की श्रेणी में आता है इसलिए सरकार ने यातायात के क़ानूनों में इसके लिये अनेक अलग प्रावधान किये हैं। इसे कृषि प्रसाधन की श्रेणी में रखा गया है न कि यातायात के वाहन की श्रेणी में। इसीलिए इससे सम्बंधित यातायात नियमों व यातयायत शुल्क, मार्ग कर आदि में कई तरह की विशेष छूट भी दी गयी है।



बावजूद इसके कि ट्रैक्टर यातायात के वाहनों की श्रेणी में नहीं आता फिर भी क्या नेता तो क्या प्रशासन,क्या किसान तो क्या आम लोग सभी इसका उपयोग अपनी सुविधानुसार करते हैं। देश का कोई भी चुनाव बिना ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल किये संभव ही नहीं। नेताओं की चुनावी रैलियों में भीड़ इकट्ठी करने से लेकर उनके चुनावी जुलूसों की लम्बाई बढ़ाने में,चुनाव प्रचार में और अंत में मतदाताओं को घरों से निकाल कर पोलिंग स्टेशन तक पहुँचाने और बाद में उनके विजय जुलूस तक में ट्रैक्टर ट्रॉली जमकर इस्तेमाल की जाती है। राजस्थान व पंजाब जैसे राज्यों में तो कई जगह ट्रैक्टर की इन्हीं ट्रॉलियों को आपस में जोड़कर बड़ी से बड़ी स्टेज बना दी जाती है जिनपर मुख्यमंत्री स्तर के नेता तक भाषण देते हैं। उस समय शायद प्रशासन अपनी आँखें मूंदे रहता है। उस समय उसे यह नहीं नज़र आता कि ट्रैक्टर सिर्फ़ खेती का साधन है यातायात या राजनैतिक इस्तेमाल का नहीं। इसी तरह गांव के शादी ब्याह आदि किसी भी समारोह में ट्रैक्टर का इस्तेमाल परिवार के लोगों व सामानों को लाने ले जाने में खूब किया जाता है।

इसी तरह देश के अनेक राज्यों में ट्रैक्टर का प्रयोग धार्मिक समागम या तीर्थ स्थलों की यात्रा करने या वहां होने वाले समागमों में भाग लेने के लिये खुले तौर पर किया जाता है। कई धार्मिक मेले व समागम तो इतने विशाल होते हैं कि सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विशेष बसें चलाने के बावजूद तीर्थयात्रियों का सुगम आवागमन संभव नहीं हो पाता। उस समय केवल ट्रैक्टर ट्रॉलियां ही इस अंतर को पूरा कर पाती हैं। पंजाब व हरियाणा के होला मोहल्ला और कपाल मोचन जैसे प्रमुख मेलों की तो ट्रैक्टर ट्रॉली के इस्तेमाल के बिना कल्पना ही नहीं की जा सकती।

किसान को प्राय: खुद अपनी पारिवारिक ज़रूरतों के लिये भी ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल करना पड़ता है। लेकिन उस समय कभी भी सरकार द्वारा न तो ट्रैक्टर के चालान किये जाते हैं न ही उन्हें यातायात के क़ानून याद दिलाये जाते हैं।

परन्तु जब जब किसानों द्वारा इन्हीं ट्रैक्टर ट्रॉलीज़ का प्रयोग किसान आंदोलन में अपने आने जाने व सामान आदि रखने या इसमें विश्राम करने की ग़रज़ से किया जाता है केवल उसी समय सरकार को किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉली सम्बन्धी नियमों की याद आती है। सोचने का विषय है जो किसान नेताओं के जुलूस रैलियों से लेकर चुनाव संपन्न करने तक व धर्मस्थलों से लेकर बड़े बड़े धार्मिक व राजनैतिक समागमों में अपने इस कृषि संसाधन का प्रयोग करने के लिये लोगों को उपलब्ध करता हो वही किसान अपने कृषि किसानी के अस्तित्व की रक्षा के लिये चलाये जाने वाले आंदोलनों में इसका प्रयोग क्यों नहीं कर सकता ? पिछले दिनों हरियाणा पंजाब की सीमा पर लगते शम्भू व खनोरी बॉर्डर पर पंजाब से दिल्ली जाने वाले किसानों के क़ाफ़िले को पुलिस द्वारा रोका गया। उस समय कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी घटीं। इसी दौरान पुलिस की एक उच्चाधिकारी ओर से किसानों को सम्बोधित एक वीडिओ जारी कर यही कहा गया कि उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार पुलिस किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉलियों का इस्तेमाल मुख्य मार्ग पर यातायात के साधन के रूप में नहीं करने देगी। इसका मतलब तो साफ़ है कि सरकार हर जगह तो ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात नियमों की अनदेखी कर सकती है परन्तु किसान आंदोलन में किसानों को वही क़ानून याद दिलाये जाते है ? ‘ट्रैक्टर’ नीति पर अपनाये जाने वाले इस दोहरे मापदंड का मतलब साफ़ है कि सरकार किसानों के इस संसाधन से डरती और घबराती है ? शायद यही वजह है कि प्रशासन को सिर्फ़ किसान आंदोलन के समय ही ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात क़ानून आते हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आया है। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी विषय में आ रही समस्याएं आज दूर हो जाएंगी। घर वालों के साथ अच्छा टाईम स्पेंड करेंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस में जूनियर आपकी मदद के लिए तैयार रहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आप उनके साथ डीनर करने का प्लान बनाएंगे। आज आपका कोई काम बड़ी ही आसानी से पूरा हो जाएगा।

वृष राशि-आज आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से सहयोग मिलेगा, जिससे आपका काम समय पर पूरा होगा। आपको अपने कार्य में सफलता मिलेगी। साथ ही परिवार वालों का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपको तरक्की के नए रास्ते खुले नजर आएंगे। आप दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान करेंगे। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को कोई गुड न्यूज मिल सकती है।

कन्या राशि-आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोग आपसे खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने का विचार बनाएंगे। आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ हो सकता है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को किसी समारोह में जाने का मौका मिलेगा। आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। आज आप परिवार के साथ देवी मां के मंदिर जाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की वजह से जॉब मिलेगी।

मिथुन राशि-आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपकी कार्य क्षमता भविष्य में आपको फायदा दिलाएगी। सामाजिक स्तर पर आपका रुतबा बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिए किसी मित्र से आर्थिक मदद मिलेगी। आस-पास के माहौल का लुफ्त उठाएंगे। आपकी किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना बन रही है। कोई दोस्त बिजनेस के लिए आपको कुछ नए आइडिया दे सकता है।

कर्क राशि-आज पैसों के मामले में आपको किसी तरह की टेंशन लेने से बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में ध्यान से कार्यों को करने की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को भी अच्छे रिजल्ट्स पाने के लिए मेहनत करनी होगी। माता-पिता का आपको पूरा साथ मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहने वाला हैं। आपको अपने साथ ही अपने बच्चों की सेहत का भी ख्याल रखना चाहिए। साथ ही अपने मन को शांत रखने की कोशिश करनी चाहिए।

सिंह राशि-आज आपको सबके साथ अपने स्वभाव को बेहतर बनाकर रखने चाहिए । खासकर कि अपने दोस्तों के साथ रिश्ते में मजबूती लाने की जरूरत है। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को जॉब का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। आपको कोई भी अवसर हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। वाहन आदि के संदर्भ में आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। इस राशि के बुक सेलर्स के लिए आज का दिन मुनाफा लेकर आया है। रोज की अपेक्षा अधिक सेल होगी।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप किसी सामाजिक कार्य में रुचि ले सकते हैं। आपको किसी धार्मिक आयोजन से जुड़ने का मौका मिलेगा। कार्यस्थल पर आपको थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। सहकर्मियों से सहयोग पाने के लिए आपको कोशिश करनी पड़ेगी। अपने काम को परफेक्ट करने के लिए आपको थोड़ा समय लग सकता है। परिवार में रिश्तों के बीच सामंजस्य बना रहेगा।

वृश्चिक राशि-आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। किसी काम के लिए आप नए सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आज आप हर तरह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे, तो आपके लिए बेहतर होगा। परिवार वालों के साथ प्रेम भाव बनाए रखने की कोशिश करेंगे, रिश्ते में मजबूती आएगी। स्पोर्ट से जुड़े लोग आज खेल में अच्छा प्रर्दशन करेंगे। महिलाएं आज किसी समारोह में जाएंगी साथ ही मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा ऑफर मिलेगा।

धनु राशि-आज बड़े-बुजुर्ग अपने दोस्तों से मिल सकते हैं। आप अपने किसी खास दोस्त के घर पूजा में भी शामिल हो सकते हैं। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। आज आपको लाभ के कई सारे मौके मिलेंगे। इस राशि के बच्चे आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं। आपका कोई जरूरी काम आज समय पर पूरा हो जाएगा । दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी के साथ किसी अच्छी ट्रिप पर जाने की योजना बनाएंगे। आप अपने दोस्त को घर में किसी धार्मिक आयोजन के लिए बुला सकते हैं।

मकर राशि-आज आपको दोस्तों से कोई अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। ऑफिस में आपको अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। बिजनेस के क्षेत्र में भी बड़े-बड़े लोगों से मिलने में आपको किसी की मदद मिल सकती है। आपकी तरक्की सुनिश्चित है। दांपत्य जीवन में प्यार बना रहेगा। आज आस-पास की चीजों में आप आसानी से खुशी तलाश लेंगे। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद बना रहेगा। सेहत के मामले में भी सब बेहतर रहेगा ।

कुंभ राशि-आज आपके हर काम का हल चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में भी आपके काम की तारीफ होगी। किसी प्रोजेक्ट के लिए आपको अपनी राय देने का मौका मिलेगा। अधिकारियों को आपकी राय पसंद भी आएगी। आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे। आज आपके सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते की मजबूती बरकरार रहेगी।

मीन राशि-आज आप कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा। आपको किसी नए बिजनेस डील के लिए विदेश जाने का ऑफर मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने की प्लानिंग करेंगे। इस राशि के बच्चों की पढ़ाई बेहतर तरीके से चलेगी। परिवार में सबकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

विशेष लेख

# छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गति देने रोड मैप तैयार

**उप संचालक घनश्याम केशरवानी**

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्ध राज्य बनाने के लिए रोड मैप की स्पष्ट रूप रेखा भी दिखती है। छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में सेवाक्षेत्र को बढ़ावा देने की रणनीति शामिल की गई है। आईटी सेक्टर, हेल्थ डेस्टिनेशन, ईको-टूरिज्म सर्किट, वेडिंग डेस्टिनेशन, बिजनेस टूरिज्म, कान्फ्रेंस डेस्टिनेशन जैसे नये उभरते हुए संभावनाओं वाले क्षेत्रों का लाभ प्रदेश के युवाओं और उद्यमियों को मिलेगा। बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए खुले मन से राज्य में निवेशकों का स्वागत करने की बात कही गई है, इसके लिए राज्य में रेड टेपिज्म के स्थान पर रेड कारपेट की नीति होगी। उद्योगों की स्थापना के लिए ‘मिनिमम गर्वमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस’ की नीति पर काम होगा। इज ऑफ डूइंग बिजनेस, सिंगल विण्डो प्रणाली, ऑनलाईन परमिशन, मिनिमम परमिशन जैसी नीति लागू होंगी। पब्लिक-प्राइवेट-पॉर्टनरशिप के लिए नीति आयोग और भारतीय प्रबंध संस्थानों के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाएगा।



छत्तीसगढ़ की भौगोलिक विशेषताओं के अनुरूप आर्थिक विकास के लिए विकेन्द्रीकृत नीति पर काम होगा, इसके लिए विकेन्द्रीकृत विकास पॉकेट की स्थापना की जाएगी। रायपुर, भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों को स्टेट कैपिटल के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जाएगी। इन क्षेत्रों में विश्व स्तरीय आईटी सेक्टर, वेडिंग डेस्टिनेशन, हेल्थ डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। नवा रायपुर, अटल नगर में ‘लाईवलीहुड सेंटर ऑल एक्सीलेंस’ एवं दुर्ग जिले में ‘सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप’ स्थापित किया जाएगा। स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए इन्यूबेशन सेंटर की स्थापना तथा बी.पी.ओ. एवं के.पी.ओ. को आकर्षित करने के लिए आई.टी. पार्क की स्थापना की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के बजट में रायपुर, नवा रायपुर अटल नगर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, अंबिकापुर, जगदलपुर, कोरबा एवं रायगढ़ जैसे प्रमुख नगरों को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने की बात कही गई है। कोरबा, जांजगीर, रायगढ़, उरला, सिलतरा जैसे क्षेत्रों में वहां की आवश्यकता के अनुरूप औद्योगिकरण की नीति बनायी जाएगी। मैदानी कृषि प्रधान जिलों में कृषि आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए विशेष फोकस किया जाएगा। बस्तर-सरगुजा क्षेत्र में आर्थिक विकास की दृष्टि से एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए सार्थक पहल की जाएगी। इन क्षेत्रों को इको-टूरिज्म एवं नैचरोपैथी डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के पांच शक्तिपीठों को धार्मिक, पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। बस्तर क्षेत्र में लघु वनोपज प्रसंस्करण हेतु उद्योगों की स्थापना की जाएगी। सरगुजा क्षेत्र में उद्यानिकी एवं मछली पालन की संभावनाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस प्रकार समन्वित प्रयास करते हुए इन क्षेत्रों की आर्थिक संभावनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अनेक अवसरों पर कहा है कि हमने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। हमारा लक्ष्य विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने के लिए बजट में तैयार किए गए रोडमैप के अनुरूप कार्य करेंगे। राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी से विकसित करने और उच्च विकास दर हासिल करने के लिए बजट में अनेक प्रावधान किये गये हैं, इस वर्ष राज्य के बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि की गयी है।

## लगातार हो रहे पैरों के दर्द को न करें नजरअंदाज

पैरों में हो रहे लगातार दर्द को नजरअंदाज करने की भूल कभी भी न करें, क्योंकि ये दिल की बीमारी के संकेत हो सकते हैं. इसे लेकर जरा सी भी लापरवाही हार्ट पर बुरा प्रभाव डाल सकता है और हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ सकता है.अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कई बार हार्ट डिजीज के शुरुआती लक्षण पैरों में नजर आते हैं लेकिन लोग उन पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं. इनमें पैरों में दर्द, सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं. आइए जानते हैं हार्ट और पैरों के बीच क्या कनेक्शन है...

हार्ट डिजीज के लक्षण

कंधों और पीठ में दर्द

ज्यादा थकान होना

पेट की परेशानी, खट्टी डकार आना

सांस लेने में दिक्कत, बाहों में लगातार दर्द

उल्टी और चक्कर आना

बहुत ज्यादा पसीना निकलना

हार्ट और पैर के बीच क्या कनेक्शन है

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हार्ट और पैरों के बीच गहरा कनेक्शन होता है. हार्ट से जुड़ी समस्याएं पैरों के साथ ओवरऑल हेल्थ पर असर डाल सकता है. हार्ट की पंपिंग, पीएडी धमनी जैसी बीमारी से ये प्रभावित हो सकती हैं. इससे पैरों में ब्लड सर्कुलेशन कम हो सकता है और सूजन आ सकती है. जब पैरों को पंप किए गए ब्लड से ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है तो गंभीर समस्याएं हो सकती हैं.

पैरों के दर्द को न करें इग्नोर

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, पैरों में दर्द और सूजन के कई कारण हो सकते हैं. उनमें हार्ट प्रॉब्लम भी शामिल है. इसलिए कभी भी पैरों में दर्द को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है. कोरोनरी आर्टरी डिजीज होने पर भी हार्ट डिजीज का खतरा पैदा हो सकता है.

यादें

मनोज कुमार अग्रवाल

# अलविदा पंकज उधास! क्या अब कोई चिठ्ठी आएगी?



गजल की दुनिया में अपना खास मुकाम बनाने वाले पंकज उधास का निधन म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा धक्का है। करीब चार दशक तक अपनी एक खास कशिश भरी मखमली आवाज से लाखों लोगों का दिल जीतने वाले गजल गायक पंकज उधास अब नहीं रहे। लम्बी बीमारी के बाद पंकज ने 72 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। उन्होंने करीब 36 सालों तक अपनी गायिकी से इंडस्ट्री को कई सदाबहार गाने दिए हैं। जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने वाले पंकज उधास कैसे गायक बने।

17 मई 1951 को जेतपुर में जन्मे पंकज उधास एक जमींदार परिवार से ताल्लुक रखते थे। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई मनहर उधास सिनेमा जगत के जाने-माने गायक थे। उनके एक और भाई निर्मल उधास भी जाने-माने गजल गायक थे। पंकज उधास को अपने बड़े भाई मनहर से गायिकी में आने का चस्का लगा।


पंकज ने 1970 के दशक में गैर हिन्दू युवती के साथ अंतर्धार्मिक विवाह किया उस समय ऐसा करना बड़ा चुनौती भरा था। अपनी जीवन संगिनी फरीदा के साथ जान पहचान बनवाने में उनके पड़ोसी का हाथ रहा दरअसल, पंकज उधास की उनकी पत्नी फरीदा से पहली मुलाकात उनके पड़ोसी ने ही कराई थी. उस वक्त पंकज उधास ग्रैजुएशन कर रहे थे. वहीं, फरीदा एक एयरहोस्टेस थीं।पड़ोसी से कराई मुलाकात में पंकज और फरीदा की दोस्ती हो गई थी. इसके बाद दोनों की मुलाकातों का दौर शुरू हुआ।लगातार एक दूसरे के साथ डेट करने के बाद दोनों एक दूसरे के करीब आ गए और एक दूसरे को दिल दे बैठे।दोनों ने जल्द ही शादी करने का फैसला ले लिया था. लेकिन दोनों के बीच धर्म की दीवार आ खड़ी हुई थी। दरअसल, पंकज उधास हिंदू थे और फरीदा पारसी परिवार से ताल्लुक रखती थीं।ऐसे में दोनों की शादी में परेशानी आ गई थी।पंकज की फैमिली इस रिश्ते सा राजी थी लेकिन फरीदा के घरवालों उनकी इस शादी से खुश नहीं थे। लेकिन यहां पंकज दोनों परिवारो की रजामंदी से ही अपना घर बसाना चाहते थे. इसलिए दोनों ने तय की किया जब दोनों परिवार राजी होंगे तभी शादी करेंगे।हालांकि, कुछ समय बाद फरीदा के घरवालों ने भी शादी के लिए हामी भर दी और दोनों ने शादी कर ली

पकंज उदास और फरीदा की दो बेटियां है रेवा उधास और नायाब उधास।पंकज उधास के तीन भाई हैं. पंकज इन तीनों में सबसे छोटे थे. उनके दोनों भाई मनहर उधास और निर्मल उधास म्यूजिक फील्ड मे ही हैं. इसलिए पंकज का रुझान भी इसी तरफगया. पंकज ने अपने करियर में कई हिट गाने गाए हैं. चिट्ठी आई है गाना उनका अबतक के सबसे मशहूर गाने में से एक है।

पंकज उधास को फिल्मों में पहला बड़ा ब्रेक 1986 में आई फिल्म नाम से मिला था. इस फिल्म में उन्होंने ‘चिट्ठी आई है’ गजल गाई थी,जिसे फैंस आज भी गुनगुनाते हैं. इसके बाद उन्होंने 80 और 90 के दशक में कई फिल्मों के लिए गजल गाई थीं. साल 1990 में फिल्म घायल में उन्होंने लता मंगेशकर के साथ माहिया तेरी कसम गाना गाया था. साल 1991 में उन्होंने फिल्म साजन में ‘जिए तो जिए कैसे’, 1994 में मोहरा फिल्म में ‘न कजरे की धार’, ‘चांदी जैसा रंग है तेरा, सोने जैसे बाल’, ‘आहिस्ता कीजिए बातें’ जैसी गजलें गाई थीं. उनकी ज्यादातर गजल शराब और प्यार को लेकर थीं।

पंकज उधास ग़ज़ल की दुनिया का एक ऐसा नाम जिसने आते ही अपनी अलग आवाज से अपनी अलग पहचान बनाई और ऐसी कि उनकी गज़लों ने उस दौर में धूम मचा दी थी जो आज भी संगीत प्रेमियों के द्वारा उतने ही चाव से सुनी जाती है।वरिष्ठ विचारक इंदु सिंह मानतीं हैं कि जगजीत सिंह और तलत अज़ीज के मध्य अपनी गायिकी और ठहरी हुई मद्धम स्वर लहरी से पंकज उधास ने ग़ज़ल को प्रसिद्धि दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी यही वजह कि ग़ज़ल की दुनिया में इन सबका अपना एक अलग मुकाम है और सबको उनकी अपनी गाई हुई ग़ज़ल के माध्यम से ही जाना जाता है। जिन्हें सुनकर ही श्रोतागण अपने प्रिय गायक का नाम ले पड़ते कि हर ग़ज़ल के साथ उसे गाने वाले का नाम चस्पा हो गया और जब भी कभी कहीं चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल एक तू ही धनवान है गौरी बाकी सब कंगाल ग़ज़ल हो या फिर एक तरफ उसका घर एक तरफ मयकदा बजती सुनाई दे तो मस्तिष्क में पंकज उधास का चेहरा उतर आता जो इन ग़ज़लों का पर्याय बन गया है।इसके साथ ही फिल्मों में भी उन्होंने अपनी गायिकी का ऐसा जलवा दिखाया कि जब भी किसी फिल्म में उन्होंने कोई गीत या ग़ज़ल को गाया तो वह सुपरहिट बन गई यह उनकी आवाज और प्रस्तुति का जादू था जो सुनने वालों के सर चढ़कर बोलता था। नाम फिल्म ने उन्होंने जब अपनी आवाज में चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है बड़े दिनों के बाद हम बेवतनों को याद वतन की मिट्टी आई है गाकर प्रवासी भारतीयों के हृदय की पीड़ा को अभिव्यक्त किया तो सुनकर हर कोई रो पड़ा फिर भले वह भारत का ही रहने वाला क्यों न हो सबको शब्दों और गायिकी ने इस तरह से भीतर तक छू लिया था। साजन फ़िल्म में जिये तो जिये कैसे ग़ज़ल भी उनकी आवाज में जब बजती तो एक अलग ही प्रभाव छोड़ती जबकि, इसे एसपी बाला सुब्रमण्यम, अनुराधा पौडवाल ने भी गाया लेकिन, जब रजत पर्दे पर पंकज उधास अपनी आवाज के साथ नमूदार होते तो ग़ज़ल भी मानो जीवंत हो उठती है। न कजरे की धार गाना भी मोहरा फ़िल्म की जान बन गया और अब तलक उसको सुनने पर अपने आपको गाने से रोक पाना मुमकिन नहीं होता और पंकज उधास के सुरों के संग हम सब भी अपनी बेसुरी आवाज़ में गाना शुरू कर देते हैं।

दीवारों से मिलकर रोना अच्छा लगता है हम भी पागल हो जाएंगे ऐसा लगता है... एक ऐसी ग़ज़ल जिसके दर्द को उनकी आवाज इस तरह से दर्शाती कि अगर, किसी का अपना कोई बिछड़ गया हो तो उसे लगता कि उसकी पीड़ा को ही किसी ने शब्द दे दिए हो और स्वतः हो आंसुओं की धार लग जाती है। और आहिस्ता कीजिये बातें धड़कनें कोई सुन रहा होगा ग़ज़ल के माध्यम से उन्होंने नई पीढ़ी के युवाओं के बीच भी अपनी जगह बनाई और इस तरह उन्होंने पांच दशक तक अलग-अलग पीढ़ी व वर्ग के श्रोताओं को अपनी मधुर आवाज और सुकून देनी वाली से भाव व संगीत की लहरों से भिगोया। पंकज उधास को साल 2006 में कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार की तरफ से पद्मश्री दिया गया है. इसके अलावा उन्हें साल 1985 में बेस्ट गजल सिंगर का के.एल.सहगल अवॉर्ड मिला था. भारत के अलावा विदेश में भी उन्हें कई अवॉड्र्स से सम्मानित किया गया है। अपनी गायिकी से लोगों को दीवाना बनाने वाले पंकज उदास की संपत्ति के बारे में बात करें तो रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, वे अपने पीछे करीब 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति छोड़ गए हैं।




आज पंकज उधास हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपनी गजलों और गायकी के जरिए वह हमेशा मौजूदा व आने वाली पीढ़ी के बीच स्मृतियों में बने रहेंगे। अलविदा पंकज उधास! अब कोई चिठ्ठी नहीं आएगी?

# एनएमडीसी एसपी थ्री न्यू स्क्रीन प्लांट में चट्टान धसकने से चार मजदूरों की मौत, दो घायल

मंगल कुंजम

**किरंदुल,28 फरवरी।** दंतेवाड़ा के किरंदुल क्षेत्र में बैलाडीला आयरन और माइंस का बड़ा माइनिंग कार्य किया जाता है इस कार्य के लिए अलग-अलग तरह का स्ट्रक्चर लगाकर स्क्रीन प्लांट तैयार किया जाता है डिपॉजिट 14 का नया स्क्रीन प्लांट ह्यश्च3 का स्ट्रक्चर एक बड़े पहाड़ को काट कर तैयार किया जा रहा है ,जिसमें दो नया स्क्रीन प्लांट बैठना है कल दिनांक लगभग 3ञ्30 बजे के आसपास एक बड़े चट्टान धसने से चार मजदूरों की मौत हो गई जिसमें दो मजदूर घायल है बताया जा रहा है , इस स्क्रीन प्लांट बैठाने के लिए एनएमडीसी से एलएनटी कंपनी ने ठेके में नए स्ट्रक्चर खड़ा करने का काम रहा है जिसमें लगभग अन्य आधे से जायदा अन्य प्रदेशों से मजदूर काम करते हैं और चार मजदूर जिनकी मौत हुई है तीन वेस्ट बंगाल के और एक बिहार का बताया जा रहा है हादसा होने के तुरंत जानकारी मिलने पर स्थानी पुलिस प्रशासन और सीआईएसएफ के जवानों के द्वारा सुरक्षा के घेरे में रखकर दो पोकलेन मशीन लगाकर मलबे को हटाकर डेड बॉडी निकल गया है , एक पहाड़ को काट कर रिटेनिंग वॉल तैयार किया जा रहा था उस दौरान यहां हादसा हो गया है और एक मशीन के ऊपर में पूरे मालवा गिर गया और मशीन भी पूरी तरह से दब गया और साथी चार मजदूरों की मौत हो गई चारों डेड बॉडी को निकाल कर स्थानीय प्रोजेक्ट हॉस्पिटल के मर्करी में रखा गया है और अभी उनका पीएम करा कर डेड बॉडी को उनके गृह ग्राम बिहार और वेस्ट बंगाल रवानगी की क्या जाएगा।



## एक नजर

### एमएनएस किरंदुल द्वारा पुनर्निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**किरंदुल, 28 फरवरी।** एम/एनएस इंडिया कंपनी द्वारा किरंदुल के भट्टी पारा वार्ड क्रमांक 07 एवं सिद्दीकी पारा वार्ड क्रमांक 10 मुख्य बाजार में छ्स्क्रके तहत् पुनर्निर्मित सामुदायिक भवन-लोक विकास केन्द्र का उद्धघाटन किया गया। 25/02/2024 को उक्त नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंसी लाल नरूटी एवं एम/एनएस के महाप्रबंधक वाई वी राघवेलू के करकमलों द्वारा किया गया। समारोह में किरंदुल विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता, छ्स्क्र प्रतिनिधि डॉ.तेजप्रकाश,वार्ड पार्षद 07 के राजू पालीवाल,सतीश,के गोविंद राजू, पार्षद अब्दुल हमीद सिद्दीकी,डी एस साहू, नरेश साहू,एम/एनएस स्टाफ एवं समस्त वार्ड वासी उपस्थित थे। एम/एनएस इंडिया कंपनी के इस उद्घाटन समारोह का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। जिससे समुदाय के सभी सदस्यों की आवास, शिक्षा, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हो सके।

### महीनों बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कार्यपालन अभियंता ने किया निविदा निरस्त

**कांकेर, 28 फरवरी ।** लोक निर्माण विभाग कांकेर के अधीक्षण अभियंता श्री पवन कुमार अग्रवाल ने समाचार पत्रों में प्रकाशित 'कमीशन पर विवाद' खबर के संबंध में ठेकेदार द्वारा लगाए गए आरोपों को पूर्णतः निराधार एवं असत्य बताया है। उक्त प्रकरण के संबंध में उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित समयावधि के बाद कई माह बाह भी कार्य नहीं शुरू करने पर उनका अनुबंध समाप्त किया गया है और उन्हें निर्माण कार्य हेतु वसूली योग्य राशि को जमा करने हेतु पत्र लिखा गया है। अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव द्वारा केशकाल- बांसकोट-अमरावती मार्ग के 01 से 09 किलोमीटर पर बी.टी. नवीनीकरण हेतु ठेकेदार श्री शैलेष शर्मा को कार्यादेश जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि अनुबंध की शर्तों के अनुसार ठेकेदार को 16 अगस्त 2023 तक कार्य पूर्ण करना था किन्तु उक्त ठेकेदार द्वारा 02 जून 2023 की स्थिति में भी कार्य प्रारंभ नहीं किया। परिणामस्वरूप कार्यपालन अभियंता ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पहले कार्य पूर्ण कराएं, लेकिन 15 जून 2023 तक भी उनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। इसके बाद कार्यपालन अभियंता द्वारा अनुबंध के अनुसार दंडात्मक कंडिका के तहत ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया। 16 अक्टूबर और 04 नवंबर को भी कार्य प्रारंभ करने पत्र लिखा गया और ठेकेदार को समयवृद्धि हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया, जिस पर ठेकेदार द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई। परिणामस्वरूप बार-बार निर्देश एवं पत्र लिखने के बाद भी कार्य शुरू नहीं करने के कारण विभागीय नियमों के अनुरूप 14 नवंबर 2023 को कार्यपालन अभियंता कोंडागांव द्वारा उन्हें कारण बताओ सूचना जारी की गई। इस पर ठेकेदार द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में अनुबंध की धारा 02 एवं 03 के तहत अनुबंध समाप्त कर दिया गया और उक्त कार्य की दूसरी निविदा निकालकर 29 जनवरी 2024 को किसी अन्य ठेकेदार को कार्यादेश जारी किया गया। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अनुबंध समाप्त होने के कारण अनुबंध के प्रावधानों के आधार पर ठेकेदार को 27 लाख 39 हजार 309 रूपए की राशि जमा करने हेतु कार्यपालन अभियंता कोंडागांव द्वारा पत्र जारी किया गया है।

### महतारी वंदन योजनांतर्गत बैंक खाते में आधार लिंक नहीं, जल्द करें निराकरण:कलेक्टर

**जगदलपुर 28 फरवरी ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के ने महतारी वंदन योजनांतर्गत बैंक खाते में आधार लिंक नहीं हुए खातों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ले रहे थे। उन्होंने महतारी वंदन योजना के ऑनलाइन आवेदनों के गलत एंट्री करवाने के लिए एक पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जन चौपाल, जन शिकायत और समय-सीमा के प्रकरण पर विभागवार समीक्षा आवश्यक निराकरण के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों के भौतिक सत्यापन में कम पाई गई सामग्री की वसूली कार्य में राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ सभी एसडीएम कुर्की की कार्यवाही करें। उन्होंने नवीन एसडीएम एवं तहसील कार्यालय के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर जल्द निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत केवाईसी का विकासखण्ड वार समीक्षा किसान क्रेडिट कार्ड के लिए विभाग के लक्ष्य के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए। केसीसी के तहत आधार सीडिंग का भी निरीक्षण करने के कहा गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा देने वाले बैंक सखी और बैंक मित्र जो बेहतर कार्य करने वालो को अभिनंदन कार्य किया जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत आवेदनों का संकलन, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत स्वीकृत कार्य की भी समीक्षा की।इसके अलावा विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान रामलला दर्शन योजना के लिए यात्रियों का लक्षित व्यक्तियों का चिन्हांकन, उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत न्योता भोजन कार्यक्रम, आगंनबाडी केंद्रों में किचन सह भण्डारण के निर्माण में मानको का पालन, आगंनबाडी केंद्र में एलपीजी गैस की उपलब्धता, बच्चों का जाति प्रमाण पत्र के कार्य की प्रगति,आधार सीडिंग का निरीक्षण। जलजीवन मिशन फेस 2 में क्रेडा के अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पंपो की स्थापना,जलजीवन मिशन का विकासखंड वार कार्य की प्रगति, बीआईजीएस अंतर्गत स्वीकृत निमार्ण कार्य,शहरी क्षेत्र मे सिकलसेल परीक्षण को बढ़ाने,सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण के प्रगति की समीक्षा किए।

## गांवों में बदलाव लाने सहभागी बनें सीईओ ने सरपंचों से की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 28 फरवरी ।** जिला पंचायत के सभागार में ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिवों की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा योजना में जल संरक्षण जल संचय के कार्य किए जाते हैं। जिले में जल संरक्षण के कार्य किए जाने की आपार संभावनाएं हैं। गांव के विकास के लिए आपके पास कोई विचार और नवाचार हो तो सामने लेकर लाएं। पीएम आवास से जहां जरूरतमंद परिवार को आवास मिल पाएगा वहीं एनआरएलएम योजना से महिलाओं को लखपति बनाने आजीविका से जोड़ा जा सकता है। दो पाली में आयोजित बैठक में मनरेगा अंतर्गत मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने, आधार आधारित भुगतान प्रणाली की पंचायत वार समीक्षा की गई। वहीं जन-मनरेगा एप के माध्यम से जाबकार्ड नंबर के आधार पर मजदूरी भुगतान की जानकारी का पता लगाया जा सकता है की जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, सचिव को ग्राम पंचायत वार कार्य योजना बनाकर समय सीमा में आवास पूर्ण करने निर्देश दिए। एनआरएलएम योजना की प्रगति को समीक्षा कर उन्हें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों को योजना का लाभ पहुंचाने को कहा।योजनान्तर्गत 18 पारंपरिक शिल्पकारों एवं कारीगरों का कौशल विकास कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। बैठक में जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अजीत सुंदर बिलुंग, कार्यपालन अभियंता आर ई एस देवेंद्र सिंह कश्यप , एपीओ मनरेगा मनीष सोनवानी सहित योजनाओं के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ, सहित ब्लाक स्तर के शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**जगदलपुर 28 फरवरी ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों का मौका निरीक्षण कर जायजा लिया। चित्रकोट महोत्सव के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह कार्यक्रम, विभिन्न विभागों के विभागीय प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद की गतिविधियों के स्थल और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चाकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अति. पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग, एसडीएम लोहांडीगुड़ा श्री एसएल सिन्हा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी,जिला और जनपद पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

## छग शालेय शिक्षक संघ ने सौंपा प्रभारी मंत्री को ज्ञापन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 28 फरवरी ।** एक बार पुनः डी ए एवं सातवें वेतनमान की माँग अंतिम एरीयर्श की माँग सहित विभिन्न माँगों को लेकर माननीय प्रभारी मंत्री बीजापुर जिला बीजापुर केदार कश्यप जी को ज्ञापन जिला संयोजक के डी राय ,जिलाध्यक्ष मो जाकिर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे सौंपा गया। डी ए की माँग को लेकर प्रदेश भर के कर्मचारी आक्रोशित हैं। पूर्व सरकार मे भी कर्मचारी आंदोलनरत रहे हैं।सौपे गये ज्ञापन मे माँग की गई है कि शासन -प्रशासन को समय- समय पर ज्ञापन देकर अनुरोध किया जाता रहा है।लेकिन खेद का विषय है कि निराकरण नही होने के कारण कर्मचारी - अधिकारी आक्रोशित हैं।सौंपे गये ज्ञापन मे प्रमुख माँगे मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 4 प्रतिशत मँहगाई भत्ता देय तिथि से दिया जावे।डी ए की लंबित एरियर्श राशि का समायोजन जीपीएफ खाते मे किया जावे।पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजिनक किया जावे।सातवें वेतनमान का अंतिम किश्त की एरीयर्श राशि जारी किया जावे।अनुरोध किया गया है कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के पूर्व उपरोक्त मुद्दों का तत्काल कार्यवाही करने का निवदेन किया गया है।प्रतिनिधि मंडल मे महेश शेट्टी, राजेश मिश्रा,अप्पाराव , पवन ठाकुर, महेन्द्र राणा अनिल झाड़ी,राजन्ना अंहकारी ,चंद्रशेखर अप्पाजी,सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।वहीं छ्ग शालेय शिक्षक संघ ने डीए सहित कई माँगों को लेकर जिलाध्यक्ष प्रहलाद जैन वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे ज्ञापन सौंपा गया।माँग की गई है कि केंद्र के समान मँहगाई भत्ता,शिक्षक एल बी संवर्ग की पदोन्नति,दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति ,प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना कर पूर्ण पेंशन देने,शिक्षकों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से मण्डल संयोजक एवं एबीओ पद पर नियुक्त करने की माँग की गई है।शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल मे ब्लाक अध्यक्ष शिव पूनेम,विजय चापड़ी,पूर्ण चंद बेहरा,विजय झाड़ी,एम एल निषाद,विनोद मढ़े,उपाध्यक्ष रूद्र प्रताप झाड़ी,महामंत्री वसीम खान,नागेश झाड़ी,अमृत लाल ठाकुर,विजय कोर्राम आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।मंत्री महोदय द्वारा पूछा गया कि पूर्व सरकार ने डीए क्यों नही दिया इस पर पदाधिकारियों द्वारा कहा गया कि हमने हर बार माँग किया था।माँगों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय किरण देव वा पूर्व मंत्री माननीय महेश गागड़ा जी उपस्थित थे।सभी संगठनों ने पूर्व मंत्री जी का आभार व्यक्त किया है।

## प्रथम दिवस ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई





**कलकसा ( डोंगरगढ़ ), 28 फरवरी।** गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के तत्वाधान में ग्राम कलकसा में चार दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा ( धर्म दर्शन ) का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसके कथा वाचक मध्यप्रदेश निवासी तिरुमाल दादा शंकर शाह इरपाची जी थे । प्रथम दिवस ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 15 गांव के स्वजातीय गण शामिल हुए । और कलकसा ग्राम का पूरा भ्रमण किए । कलश यात्रा में सभी गोंडी संस्कृति वेश भूषा धारण कर गोंडी संस्कृति नृत्य मांदरी के थाप एवम बाजे गाजे के साथ नाचते गाते रेला पाटा करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे । उसके बाद गोंडी धर्म संस्कृति से भूमकाओ द्वारा पंच कल्श स्थापना कर गोगो किया । इसके बाद दादा इरपाची द्वारा कथा प्रारंभ किया जहां जीव जगत की उत्पत्ति से प्रारंभ किया। दूसरे दिन गुरु कुपार लिंगो एवम कली कंकाली दाई की गाथा, तीसरे दिवस तैतीश कोटि बच्चो की गाथा एवम चौथे दिवस ग्राम की देवी देवताओं की गाथा बहुत ही अच्छा ढंग से संगीत मय गोंडी धर्म दर्शन संस्कृति पर सुनाया । कथा में विशेष रूप से इस धरती में एशिया के भू भाग व गोंडवाना लैंड में रहने वाले सभी मानव जीवन पर आधारित रहा।कार्यक्रम में प्रति दिवस हजारों की संख्या में लोग कथा को श्रवण किए । मध्यप्रदेश से आए भुमका काकोडिया जी द्वारा प्रति दिवस प्रातः कालीन लिंगों वाणी गोगो किया जाता था । जिसमें समाज के सैकड़ों ( जोड़ा ) पति - पत्नी राजा - रानी के रूप में शामिल होते रहे । जो अपने सुख समृद्धि, शांति की मन्नत पूरी होने की फरियाद को लेकर शामिल होते थे । गोंडवाना यूथ क्लब कलकसा के युवा युवतियों ने प्रवेश द्वार से सभी सृद्धालुओ को पिला चावल से स्वगत करते हुए । उन्हें सम्मानपूर्वक उनके यथा स्थान तक पहुंचाया करते थे। जो गोंडी धर्म संस्कृति का एक अलग सा झलक दिखाई दिया । जिसे सभी सर्व समाज के लोगों ने खूब सराहा। मुड़ा परिक्षेत्र के पंद्रह गांव समाज द्वारा प्रति दिवस भोजन प्रसादी का व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम , पूर्व विधायक भुनेश्वर सोभाराम बघेल , मनीष चंद्रवंशी पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग , मुड़ा परिक्षेत्र के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम, संचालक रमेश उईके , सरपंच अशोक दास साहू, रूदन उइके, तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोती , सुशीला नेताम समापन समारोह में तिरूमाल दादा तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम ( विधायक ) पाली तनाखार , हेमलाल मरकाम प्रदेश अध्यक्ष युवा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ( छत्तीसगढ़ ), अनिल गोंड मध्यप्रदेश, लया दिव्या ठाकुर मुख्यकार्यपालन अधिकारी डोंगरगढ़ , भारत बरेठ थाना प्रभारी डोंगरगढ़ , संत राम छेदैया गोंडवाना गौरा क्लश प्रचारक, मनोज नेताम , भीष्म ठाकुर, पुरषोत्तम भलावी, जैन कुमार मेश्राम , घनश्याम साहू, टुमेश नेताम, कुंभलाल पदाम, धर्मेश छेदैया , किशोर नेताम, जितेन्द्र यूइके, भूमका मदन यूइके, दयाराम, पंचम, रामगुलाल , चैतूराम , राधेश्याम सूर्यवंशी, मदन मंडावी , कुवरसिंह मरकाम , मनोहर पुसाम, महिला प्रभाग अध्यक्ष तिरुमाय सविता मंडावी , पूजा मंडावी , मेनेंद्र कुंजाम , मिनेश कुंजाम , माया नेताम, मुकेश, कामनी, प्रिया , पारित नेताम सहित आस पास के हजारों की संख्या में स्वजातीय एवम ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### अग्निवीर वायु सेना भर्ती हेतु लिखित परीक्षा, निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**कांकेर, 28 फरवरी।** जिला प्रशासन के सौजन्य से भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु जिले के पंजीकृत आवेदकों का जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है, जो 15 मार्च तक चलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के इच्छुक आवेदक लिखित परीक्षा प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर से संपर्क कर एवं मोबाईल नंबर 9425516268, 6265087948, 9407761305 एवं 7587183056 से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### समय-सीमा की बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

**सुकमा, 28 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर हरिस. एस ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग के प्रकरणों अविवादित बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, भूमि व्यपवर्तन, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम आवास योजना, ओडीएफ प्लस सहित विभागवार कार्यों की समीक्षा की। जिले में निर्माण संस्थाओं से संबंधित कार्यों एवं जनपद स्तर पर निर्माण कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समस्त दायित्वों के निर्वहन में गम्भीरता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि श्रम विभाग में पंजीयन, बैक में एकाउंट ओपन, आधार कार्ड बनाने व सीड़िग, पीएम उज्जवल योजना के लिए इंटरनेट कनेक्टीविटी की आवश्यकता होती है। , इसके लिए संबंधित विभागों को कार्योजना तैयार करने को कहा ताकि शिविर हेतु जगह चिन्हांकन कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा सकेगा। नियद नल्ला नार योजना के तहत जिले में 28 गांव चिन्हांकित किया गया है इसके लिए उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। पीडीएस भवन के संचालन हेतु स्व सहायता समूह के द्वारा संचालन हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के में संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर, सिकलिन, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, लेप्रोसी, जांच करने को कहा। साथ ही जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित करने के लिए हितग्राहियों का बैंक अकाउंट का होना सुनिश्चित करें ताकि पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सके।बैठक में शासन की योजनाओं से जिले में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु चल रहे डोर-टू-डोर सर्वे में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वंनाचल क्षेत्रों में हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सचिव, रोजगार, पटवारी, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम कार्ययोजना बनाकर, क्रियान्वयन काम करने को कहा और प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मण्डल अधिकारी श्री अशोक कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्री दरबारी राम ठाकुर सहित डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम सहित विभागवार अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### हेलीकॉप्टर से जगरगुण्डा भेजे गये बोर्ड परीक्षा के पेपर



**सुकमा, 28 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित होने वाली 10वीं तथा 12वीं बोर्ड का प्रश्न पत्र को कड़ी सुरक्षा के बीच सुकमा जिले के 16 केंद्रों में से 15 केंदों में भेजा जा चुका है। कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशानुसार आज शेष 01 केंद्र जगरगुण्डा का प्रश्नपत्र सुरक्षाकारणों के मद्देनजर रखते हुए केंद्राध्यक्ष के साथ हेलीकॉप्टर में भेजा गया। हेलीकॉप्टर से भेजते समय जिला शिक्षा अधिकारी श्री नितिन डंडसेना, सहायक जिला परियोजना समन्वयक ( परीक्षा प्रभारी) श्री आशीष राम, श्री दुशन लाल मार्गे केंद्राध्यक्ष उपस्थित थे। ऐसा पहली बार हुआ सुकमा जिले में बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र वितरण का कार्य जिले के समन्वयक केंद्र हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा से किया गया। विदित हो कि पिछले वर्षों में जगदलपुर प्रश्न पत्र लेने केंद्राध्यक्ष जाया करते थे।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 1 मार्च से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा में सुकमा जिले के 16 परिक्षाकेंद्रो के दसवीं बोर्ड में नियमित 1883, स्वाध्यायी 18, बारहवी बोर्ड में नियमित 1495,स्वाध्यायी 33 छात्र/छात्राएं शामिल होंगे।

### निर्दोष ग्रामीण करटम भीमा को फर्जी मुठभेड़ में हत्या के खिलाफ जनांदोलन करने की अपील

**सुकमा, 28 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24 फरवरी को सुकमा जिला, ब्लॉक कोंटा, भेज्जी थाना क्षेत्र में ग्राम बुर्कलंका में पुलिस और नक्सली के साथ मुठभेड़ होने का दावा किये है इस मुठभेड़ में एक माओवादी को मार गिराने का दावा पुलिस फोर्स द्वारा मीडिया के मध्यम से मनगढ़त कहानी सुनाये है. यह सब सरासर झूठ है. हमेशा की तरह खोखली दावा है.भारत देश के लुटेरे शासक वर्ग द्वारा हमारी पार्टी, पीएलजीए और जनताना सरकारों को 2024 लोक सभा चुनाव के ठीक पहले ही खत्म करने के साथ आपरेशन कगार दमन अभियान शुरू किये है, साथ ही नया-नया पुलिस कैम्प खोला जा रहा है, गस्ती, आपरेशन चलाते हुए गांव पर हमला निर्दोष लोगों को गिराफ्तारियां, मारपीट, झूठे केशों में जेल कुंसना, महिलाओं पर अत्याचार करना, आम जनता को लगातार फर्जी मुठभेड़ में हत्या कर रही है. ये सब छत्तीसगढ़ के ब्राम्हणीय हिंदुत्व फासीवादी आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा, सुकमा एस.पी किरण चव्हाण का असली मार्गदर्शन है.सच्चाई यह है कि ग्राम बुर्कलंका गांव का करटम भीमा उम्र 40 वर्ष, को बेज्जी पुलिस डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा, बस्तर फाईटर संयुक्त पुलिस गुंडो द्वारा गांव में ही पकड़कर गोली से बुन डालकर हत्या किया गया है. इस दौरान हमारी पार्टी या किसी टीम से मुठभेड़ नही हुई है, ये फर्जी मुठभेड़ है. भीमा आम ग्रामीण था. वे अपने परिवार के साथ खेति-बाड़ी कर जीवन-यापन करने वाला है. इस फर्जी मुठभेड़ को हमारी पार्टी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) किस्टारम एरिया कमेटी घोर निंदा करती है. इस तरह झूठी मुठभेड़ व हत्याओं का विरोध-प्रतिरोध करने जनता को आव्हान करती है, साथ ही साथ जनवादी संगठनों, बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों से अपील करते है कि वे इस घटना को निष्पक्ष जांच-पड़ताल करें. सच्चाई को जनता के सामने लावें, और दोषी पुलिस अधिकारी व पुलिस गुंडों को सजा देने की मांग करें।

### न्योता भोजन के प्रति लोगों की रूचि देखने को मिल रही, करगाडीह शासकीय स्कूल में हुआ आयोजन

**दुर्ग, 28 फरवरी।** बच्चों में शिक्षा के साथ पोषण की संकल्पना के साथ सरकार द्वारा शुरू किए गए न्योता भोजन के प्रति लोगों की रूचि देखने को मिल रहा है। लोग खुशी के विशेष पल को बच्चों के बीच साझा करने के क्रम में न्योता भोजन के लिए आगे आने लगे हैं। करगाडीह शिक्षक आनंद श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिन पर शासकीय स्कूल करगाडीह में सामाजिक सहभागिता के माध्यम से अपने किसी भी शुभ कार्य को शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के साथ मिलकर जन्मदिन मनाएं बच्चों के लिए खीर की व्यवस्था किया जिसे बच्चों को अतिरिक्त पोषण व माहौल मिल सके।बच्चो ने भोजन करने के पहले गायत्री मंत्र पड़ कर भोजन लिया। इस कार्यक्रम में उक्त कार्यक्रम में स्कूल शिक्षक प्रधान पाठक श्रीमती रूपा साहू,श्रीमती रेणुका देशलहरे शिक्षक,,योगेंद्र कुमार बसोना शिक्षक (एल.बी),रोशनी गायकवाड (व्यवस्था पंचायत) एवम स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।



एक नजर

## अनुराधा दुबे कत्थक और पुरूषोत्तम चंद्राकर की लोक रंजनी की होगी प्रस्तुति



**राजिम,28 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प के विशाल मंच पर विभिन्न स्थानों से आये कलाकार छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को अपने गीत एवं संगीत के माध्यम से दूर-दूर तक पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा राष्टीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकार भी दर्शको का भरपूर मनोरंजन कर रहे है 28 फरवरी को मुख्यमंच पर शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें रायपुर की अनुराधा दुबे कत्थक नृत्य, रायगढ़ से ललित यादव द्वारा सुगम संगीत भजन, प्राजंल सिंह राजपूत भाठापारा द्वारा भरथरी गाथा और अंतिम प्रस्तुति रायपुर लोक रंजनी लोकमंच के पुरूषोत्तम चद्रांकर के टीम की झमाझम प्रस्तुति होगी। इसी तरह स्थानीय कलाकरो के लिए बने मंच में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक कलाकार, सुवा, कर्मा, ददरिया, आदिवासी नृत्य, राउत नाचा, सरगुजा नृत्य, मानस गान, भजन के द्वारा अपने कला के माध्यम से दर्शको को झूमने के लिए मजबूर करेंगे। मंच पर राजपुर (छुरा) की खेमिन निषाद पंडवानी की प्रस्तुति देगी। इसी तरह देवेन्द्र सेन भोथली कुरूद रामायण, खिलावन सिन्हा नवागांव फाग मंडली, भागवत निषाद रायपुर भजन संध्या, मंशा दास बकली सतनाम मंगल भजन, तुलाराम साहू राजिम भजन, प्रेम यादव गरियाबंद बारहमासी नृत्य, गिरवर ध्रुव कोसमबुड़ा लोककला मंच, अनिता वर्मा रायपुर सुगम संगीत, जोगेन्द्र साहू बोदल गुण्डरदेही जस झांकी की प्रस्तुति होगी।

## संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन की माता के निधन पर श्रद्धांजलि



**राजिम।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माता श्रीमती पिस्ता देवी अग्रवाल के निधन की खबर मिलते ही समूचे कुंभ कल्प क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। मुख्यमंच पर हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से रोककर उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं जनसमुदाय ने मंत्री श्री अग्रवाल की माता को अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि देते हुए भगवान से उनकी आत्मा को शांति देने तथा अग्रवाल परिवार को इस अथाय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। मंच पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा जितेन्द्र सोनकर, पूर्णिता चंद्राकर, देवकी साहू, छाया राही, विप्र परिवार के पंडित एवं प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी की बहनों ने मंच पर उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इसी क्रम में कुंभ मेले में लगे अन्नपूर्णा दाल भात सेंटर की संचालक महिलाओं ने खबर सुनते ही सेंटर बंद कर एक जगह इकट्ठे होकर पिस्ती देवी को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए दुख व्यक्त किया। इस अवसर पर मधु नत्थानी, खुशी साहू, केसरी तम्बोली, लोकेश्वरी साहू, निर्मला साहू, सावित्री साहू, गिरजा साहू, रामेश्वरी साहू, कुमारी साहू, किरौदी साहू आदि महिलाओं ने अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सांसद ने किया सांस्कृतिक भवन का शिलान्यास, पूजन

**महासमुंद।** सिरपुर स्थित गंधेश्वर मंदिर के पास सांसद निधि से 8 लाख 30 हजार रुपए की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का 26 फरवरी को महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू ने शिलान्यास पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस भवन के बनने से यहां आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यो को प्राथमिकता दी जा रही है। अब छग में भी डबल इंजिन की सरकार है और विकास कार्यो को गति मिलेगा। इस मौके पर भाजपा नेता मोती साहू, दुलरवा धीवर, पवन साहू, भाऊराम साहू तथा श्री गंधेश्वरनाथ ट्रस्ट कमेटी के दाऊलाल चंद्राकर, मंगलू ढीमर, मोहन वर्मा, नुकेश चंद्राकर, सुखीराम हिरवानी, जयंत गोयल, शिवशंकर अग्रवाल, आरएस माली, राधेश्याम ध्रुव, जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव, बोलबम समिति के बाबूलाल साहू, थनवार यादव आदि मौजूद थे। अमन गिरि गोस्वामी ने सांसद से देव पूजन कराया।

# राजिम कुंभ कल्प में 3 मार्च से शुरू होगा विराट संत समागम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,28 फरवरी।** 24 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला की भव्यता दिनों दिन बढ़ रही है। वैसे तो राजिम कुंभ माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होता है। इसके अंतर्गत विराट संत-समागम होता है, जिसका उद्घाटन रविवार 3 मार्च से होगा। धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर राजिम मेला के संत समागम स्थल पर साधु-सतों, महामंडलेश्वरों, आचार्य महात्माओं के लिए विशाल डोम, स्विस कॉटेज, कुटिया तथा यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है, जिसमें संत महात्माओं द्वारा विभिन्न प्रकार के यज्ञ अनुष्ठान को पूरी वैदिक रीतियों के साथ सम्पन्न कराया जाता है तथा संत समागम के विशाल मंच से संतो के प्रवचन आशीषवचन के रूप में श्रध्दालुओं को सुनने का पुण्य लाभ मिलता है।संत-समागम स्थल में प्रतिदिन होने वाले यज्ञ हवन के लिए विशाल यज्ञ शाला का निर्माण भी किया गया है। जहां राजिम कुंभ कल्प में पधारें संतो द्वारा नित्य प्रति वैदिक मंत्रोत्चारण से हवन किया जायेगा। रोजाना मुख्य मंच से शाम को संतो के उद्बोधन आम जनता के लिए रखा गया है। धर्म संसद में धर्म चर्चा के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को मिल सके इसकी भी शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में समुचित बैठक व्यवस्था की गई है। किसी भी आगन्तुक को संतो के दर्शन तथा उनेको अमृतवाणी का पूरा-पूरा लाभ दर्शक दीर्घा से श्रद्धालुगण उठा सके। भगवान श्रीराम को समर्पित यह कुंभ कल्प श्रीराम के प्रति आस्था और श्रद्धा का द्योतक है। इर्सा लहाज से माना जा सकता है कि संत समागम भी राममय होकर राम की भक्ति में सराबोर होने का अवसर लोगो को मिलेगा। दर्शक दीर्घा में एक विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई है ताकि दूर-दराज तक बैठे दर्शको को संतो के दर्शन सहजता से मिल सके। देशभर से पहुंचेंगे साधु-संतों की टोली इस बार कुंभ में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद महाराज, अविमुक्तेश्वरानंद महाराज, सदानंद महाराज, पंडित प्रदीप मिश्रा, साध्वी ऋतंभरा दीदी, महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती, डॉ. शिवस्वरूपानंद, रामकृष्णानंद, यतिन्द्रानंद, डॉ. रामेश्वर, पंडोखर सरकार जैसे बड़े-बड़े दिग्गज शामिल होंगे। संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इन धर्म गुरुओं को कुंभ में शामिल होने का न्योता भेजा है। जिसपर महात्माओं ने आने का आश्वान दिया है। धर्मगुरुओं के अलावा हरिद्वार, प्रयागराज, कांसी, बनारस, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, अमरकंटक, चित्रकूट, उत्तराखंड से बड़ी संख्या में साधु-संतों की टोली राजिम कुंभ कल्प मेला में पहुंचेगी।

## राजिम कुंभ कल्प में सजेगा पंडोखर सरकार का दरबार



**राजिम,28 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला में 3 मार्च से विराट संत-समागम का उद्घाटन होगा। संत समागम के दौरान 3 से 8 मार्च तक हरिद्वार, प्रयागराज, कांसी, बनारस, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, अमरकंटक, चित्रकूट, उत्तराखंड आदि स्थानों से बड़ी संख्या में साधु-संतों का आगमन होगा। संत समागम में इस बार गुरूशरण महाराज ''पंडोखर सरकार'' का दिव्य दरबार भी लगेगा। राजीव अवस्थी ने बताया कि महाराज जी 4, 5 और 6 मार्च को दरबार लगेगा। जिसमें महाराज जी कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन देकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। बता दें कि महाराज जी काफी लम्बे समय के अन्तराल के बाद वे इस बार राजिम कुंभ में पधार रहें है। भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस लिहाजा से भारी भीड़ होने की संभावना है। शासन द्वारा उनके रहने-ठहरने की भी उत्तम व्यवस्था कुंभ प्रांगण में की गई है। जहां वे अपने भक्तों से मेल-मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निवारण करेंगे।विदित हो कि पंडोखर धाम एवं श्री गुरूशरण महाराज के प्रति भक्तों की गहरी आस्था है, जिसके चलते आज भी हर महीने आमावस्या पेसी अर्जी करने छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से सैकड़ो लोग पंडोखर धाम जाकर श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर श्री हाथीवान महाराज का दर्शन लाभ प्राप्त कर श्री गुरूशरण महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते है।

## केसीसी के अपात्र आवेदनों की समीक्षा कर किसानों को करें लाभान्वित:कलेक्टर

**रायगढ़, 28 फरवरी।** किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त आवेदनों में घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ विकासखंड में अत्यधिक आवेदनों को अपात्र किया गया हैं, आवेदनों को पुनः वेरिफिकेशन कर अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उक्त बातें आज कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में कहीं।



कलेक्टर श्री गोयल ने किसान क्रेडिट कार्ड प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के लक्ष्य अनुरूप बनाए गए किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि कई विकासखंड में बेहतर कार्य किए गए हैं, लेकिन कई स्थानों में अपात्र आवेदनों की संख्या अधिक है, इसकी समीक्षा करें कि किस आधार पर आवेदनों को अपात्र किए गए है। उन्होंने आरएईओ के माध्यम से केसीसी बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या के मद्देनजर नल-जल योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के सभी कार्य में तेजी लाने के निर्देश ईई पीएचई को दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को सभी पंप के विद्युतीकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार टंकी निर्माण हेतु स्थल चयन को अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा पूर्व के जल स्रोतों में टंकी जोड़ने पर ग्रामीणों की आपत्ति पर सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि ईई पीएचई से समन्वय कर निराकरण करें, जिससे आने वाले दिनों में पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।

कलेक्टर श्री गोयल ने निर्माण कार्यों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत कार्यों को अतिशीघ्र प्रारंभ करें। सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि कोई भी निर्माण कार्य नहीं रुकना चाहिए एवं निर्माण कार्य को ग्रीष्म ऋतु में पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि पीएम श्री स्कूल के सभी लघु कार्य जल्द पूर्ण करने के साथ ही अतिरिक्त कमरों के निर्माण में तेजी लाए। इस दौरान उन्होंने खाद्य विभाग को ई-केवाईसी में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जल स्रोतों के एंट्री की समीक्षा करते हुए उन्होंने अमृत सरोवर की एंट्री करने तथा डीएफओ रायगढ़ को नरवा स्ट्रक्चरों की एंट्री के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में चल रहे फाईलेरिया दवा सेवन के बारे में जानकारी ली। विभाग द्वारा बताया गया कि 28 फरवरी तक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने वनाधिकार पत्रों की समीक्षा करते हुए आदिवासी विकास विभाग एवं खाद्य विभाग को वन अधिकार पत्र धारक किसानों द्वारा मंडी में बेचे गए धान फसलों की जानकारी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राही मूलक योजनाओं में विशेष पिछड़ी जनजाति एवं सांसद आदर्श ग्राम के लोगों को प्राथमिकता दें।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**बालवाड़ी का करें निरीक्षण-** कलेक्टर श्री गोयल ने महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बालवाड़ी योजना की जानकारी ली। शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि प्राथमिक स्कूल के एक कमरे में बालवाड़ी का संचालन किया जाता हैं। जहां आंगनवाड़ी में 3 से 6 वर्ष के बच्चे जाते है, उनमें से 5-6 वर्ष के बच्चों को 2 घंटों के लिए बालवाड़ी भेजा जाता है। जहां प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों द्वारा खेल-खेल के माध्यम से भाषा एवं गणित की शिक्षा दी जाती है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि यह एक अच्छी योजना है, जिससे बच्चे बेहतर सीख सकते है। उन्होंने इसके बेहतर संचालन के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि दौरे के दौरान वे बालवाड़ी का भी विशेष तौर पर निरीक्षण करेंगे।

**3 मार्च से पिलाया जाएगा पोलियों ड्रॉप-** समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3, 4 एवं 5 मार्च को 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियों की ड्रॉप पिलाई जायेगी। जिसमें 3 मार्च को बूथ में तथा 4 एवं 5 मार्च को डोर-टू-डोर दवा पिलाया जाएगा। जिसमें जिले के लक्ष्य अनुसार 1 लाख 35 हजार बच्चों को 1300 बूथ के माध्यम से पोलियो की ड्रॉप पिलाई जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अधिकारियों को पोलियों के संबंध में आस-पास के लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए एवं स्वास्थ्य विभाग को सिकल सेल टेंस्टिंग में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

## बड़े व छोटे तुंगाली के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़



**बीजापुर,28 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत बड़े तुंगाली, छोटेतुंगाली के जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन पश्चिम बस्तर डिविजन के कंपनी नम्बर 2 के प्लाटून कमाण्डर प्रशांत, माटवाड़ा एलओएस कमाण्डर अनिल पूनेम, भैरमगढ़ एरिया जनताना सरकार अध्यक्ष एसीएम राजेश एवं भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 40-50 माओवादियों व की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 26/02/2024 को डीआरजी, बस्तर फाईटर, केरिपु 80, 231 बटालियन की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी । अभियान के दौरान आज पूर्वान्ह सुबह 06ः45 बजें बड़े तुंगाली और छोटे तुंगाली के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए अलग-अलग 02 मुठभेड़ में 4 माओवादी मारे गये एवं मौके से 315 देशी कटटा- 01, 04 नग जिंदा कारतुस, बीजीएल लांचर -01, भरमार-01, टिफिन बम-03, कार्डेक्स वायर, जिलेटिन स्टीक-10, सेफ्टी फ्यूज-15 मीटर, वाकी टॉकी वायरलेस सेट मय बैटरी-02, , तीर-धनुष, कुल्हाडी, चाकू, मेडिकल बॉक्स, डिजिटल मल्टी मीटर, माओवादी वर्दी, माओवादी पिटठू एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया । घटना में मृत माओवादियों के शव शिनाख्तगी एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## कांग्रेस ने चेरामंगी छात्रवास में छात्र ने लगाई फांसी,जांच हेतु समिति का किया गठन

**बीजापुर,28 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड अन्तर्गत ग्राम चेरामंगी छात्रवास में कक्षा 7 वी के छात्र द्वारा फांसी लगा कर आत्महत्या किये जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जिला पंचायत बीजापुर के अध्यक्ष श्री शंकर कुडियाम के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जिसमें 1. शंकर कुडियाम (अध्यक्ष-जिला पंचायत बीजापुर) संयोजक, 2. कमलेश कराम (उपाध्यक्ष-जिला पंचायत बीजापुर) सदस्य 3. सुश्री अनिता तेलम (अध्यक्ष-जनपद पंचायत-उसूर) सदस्य 4. श्रीनिवास बिराबोईना (उपाध्यक्ष-जनपद पंचायत-उसूर) सदस्य 5. मनोज अवलम )विधायक प्रतिनिधि) सदस्य आदि शामिल है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति के सदस्यों से आग्रह किया है कि, वे अविलंब प्रभावित गांव / छात्रवास का दौरा कर पीड़ित परिवार सहित स्थानीय ग्रामवासियों/छात्रवास के अधिकारियों से भेंट / चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेंगे। जाँच दल के संयोजक शंकर कुडियम ने कहा है कि 28/02/2024 को पाँच सदस्यीय जाँच दल चेरामंगी जाएगी और घटना की जाँच कर समग्र जाँच प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेगी।

## अतिसंवेदनशील क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर 158 लोगों को किया लाभान्वित

**बीजापुर,28 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से 40 किण्मी दूर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रेड्डी विकास खण्ड बीजापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कैका के आश्रित अति संवेदनशील ग्राम गुण्डापुर एवं ग्राम पंचायत पदमुर के आश्रित ग्राम पेदाजोजेर जो माओवाद प्रभावित क्षेत्र है, जहां 26 फरवरी 2024 को डॉ. अजय रामटेके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बीजापुर के निर्देशानुसार, श्री संदीप ताम्रकर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम जिला बीजापुर के मार्गदर्शन में एवं डॉ. विकास कुमार गवेल खण्ड चिकित्सा अधिकारी जिला बीजापुर के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें नियमित टीकाकरण, शिशु संरक्षण माह, बीपी 01, शुगर 01, मोतियांबिद 01, निमोनिया 02, एनिमिया 02, बुखार 66, सर्दी-खांसी 32, उल्टी-दस्त पेट दर्द 01, मलेरिया धनात्मक 32, चर्म रोग 04, गर्भवती जांच 03, गलवा माता 02, इस तरह विभिन्न प्रकार के कुल 158 व्यक्तियों का इलाज कर दवाई वितरण करते हुये स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया।इन स्वास्थ्य शिविरों में डॉ. विकास कुमार गवेल खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, श्रीमती सरस्वती शोरी बीईटीओ बीजापुर, श्री नरेंद्र कौशिक ग्रामीण चिकित्सा सहायक, श्री एम नागेश्वर राव विकासखण्ड प्रबंधक, श्री अनिल मरई मलेरिया टेक्निकल सुपरवाईजर, कुमारी प्रभा साहनी सीएचओ, श्री मनकू राम कवासी एसटीएस, श्री योगेश सुंकर, श्री दीपक साहनी, बंशीधर कोरसा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, श्रीमती आकांक्षा चिड़ियम, श्रीमती संगीता उप्पल, कु. स्मृति ठाकुर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका, श्रीमती सुनीता विकासखण्ड समन्वयक, श्रीमती सीमा वाचम मितानिन प्रशिक्षक, सुशीला चापड़ी आंबा कार्यकर्ता एवं श्रीमती सनकी उइका सहायिका उपस्थित रहे।



## प्राथमिक शाला मौहारी डीपा में किया गया न्यौता भोजन

**रायगढ़, 28 फरवरी।** शासकीय स्कूल के बच्चों में अतिरिक्त पोषण विकास के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति विकास योजना के तहत न्यौता भोजन का अयोजान शासकीय शालाओ में आयोजित करने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जनसमुदाय से कोई भी व्यक्ति, समाज सेवी, समुदाय के लोग मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार स्कूल परिसर में खिला सकता है। इसी तारतम्य में न्यौता भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आज शासकीय प्राथमिक शाला मौहारी डीपा संकुल केंद्र कांशीचुआं रायगढ़ में प्रधानपाठक राजेन्द्र चौरसिया और जनप्रतिनिधि के सौजन्य से स्कूल के बच्चों को न्यौता भोजन कराया गया।



विदित हो कि न्यौता भोजन के तहत विभिन्न त्योहारों और अवसरों जैसे जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ, शादी, कोई धार्मिक आयोजन और अन्य राष्ट्रीय पर्व पर इसका आयोजन स्कूलों में किया जा सकता है और बच्चों को पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन मध्यान्ह भोजन के साथ देकर खिलाया जा सकता है। इसके लिए सभी शासकीय शालाओं के प्राचार्यो और प्रधानपाठकों से संपर्क किया जा सकेगा। न्यौता भोजन का आयोजन सिर्फ स्कूल परिसर में ही आयोजित किया जा सकेगा। इस योजना के तहत समुदाय के लोग शालाओं में किचन के बर्तन भी प्रदान कर सकते है। न्यौता भोजन में मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ स्थानीय खान-पान के अनुसार पौष्टिक भोजन जैसे फल, दूध, मिठाई, बिस्कुट, हलवा, चिक्की, अंकुरित अनाज, पूरी, खीर और विशेष कर हमारे छत्तीसगढ़ के मिलेट्स को सम्मिलित किया जा सकता है। शासकीय प्राथमिक शाला मौहारी डीपा संकुल केंद्र कांशीचुआं में न्योता भोजन कार्यक्रम में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ श्री डीपी पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ जहां छात्र-छात्राओं को पूर्णकालिक पौष्टिक आहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में एबीईओ रायगढ़ श्री डी पी पटेल, श्री भुवन पटेल, श्री घनश्याम सिंह पटेल, श्री चतुर्भुज पटेल, श्री सीपी डनसेना एवं श्री आशीष रंगारी सहित सभी छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट पौष्टिक भोजन का आनंद लिया।

# कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई जनता की समस्याएं

**रायगढ़, 28 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान नागरिकों ने बारी-बारी से अपना आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री गोयल ने जनदर्शन में आये ग्रामीणजनों से उनके आवेदन प्राप्त कर उनके नियमानुसार निराकरण करने के बारे में उन्हें अवगत कराया। आज जनदर्शन में पेंशन, राशन, आवास, राजस्व, चिकित्सा, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।



जनदर्शन में ग्राम-रैबार के सरपंच अनुज कुंवर स्कूल में अहाता निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि शा.प्रा.विद्यालय डीपापारा रैबार में बाउण्ड्रीवाल की आवश्यकता है। क्योंकि स्कूल में अहाता न होने के कारण बाहरी शरारती तत्व के लोग अनावश्यक घुस जाते है। जिसकी वजह से वहां के पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को स्कूल में अहाता निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। इसी तरह सोनुमुड़ा निवासी श्रीमती शशीकला भट्ट शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के संबंध में कलेक्टर से निवेदन किया। उन्होंने बताया कि वह छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के पंजीयन श्रेणी में आती है। उन्होंने बताया कि उसे प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति में शासन से मिलने वाली राशि का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने इस योजना से लाभ प्रदाय करने हेतु आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल संबंधित विभागीय अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम-रेगड़ा के अब्दुल फरीद वृद्धा पेंशन प्रदाय के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनका कोई सहारा नहीं है, चूंकि वृद्ध होने की वजह से कही काम भी नहीं कर पा रहे है। ऐसे में जीवन-यापन में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर श्री गोयल समाज कल्याण विभाग को आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील तमनार के ग्राम आमगांव निवासी छत्रपाल नायक धान राशि भुगतान के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बेचे गये धान की आधी राशि तो उन्हें मिल गयी है, परंतु शेष बची हुई राशि को एक सप्ताह में भुगतान हो जाने संबंधी आश्वस्त किया गया था। किन्तु आज दिनांक तक उक्त राशि लंबित है। उन्होंने कलेक्टर से शेष राशि को शीघ्र दिलवाये जाने संबंधी आग्रह किया।

ग्राम-बिजना के ग्रामीण बिगड़े बोर पंप को बनवाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बीते एक माह से गांव का बोर खराब होने की वजह से यहां के रहवासियों को पानी के लिए बहुत परेशानी हो रही है। इस संबंध में वहां के सरपंच एवं सचिव को भी जानकारी दी गई है परंतु आज पर्यन्त तक उसका कोई निराकरण नहीं हो पाया है। आगामी ग्रीष्म ऋतु आने वाली है, जिससे पानी को लेकर और समस्या हो जाएगी। ग्रामवासियों ने जल्द से जल्द बोर बनवाने हेतु आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल ने ईई पीएचई को शीघ्र ही इसका निराकरण करने के निर्देश दिए। ताकि वहां के रहवासियों को पानी का किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त, प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी श्री महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रावास संचालन एवं कर्तव्यपालन में लापरवाही बरतने पर प्रभारी कलेक्टर ने किया निलंबित

**बीजापुर 28 फरवरी ।** कक्षा 7वीं के छात्र जेवियर कुजूर द्वारा आज 27 फरवरी को 11:30 बजे छात्रावास में फांसी लगाकर आत्महत्या किया गया। छात्र प्री मेट्रिक छात्रावास चेरामंगी में अध्ययनरत था उक्त संस्था में कार्यरत प्रभारी अधीक्षक श्री भीमा सोड़ी को कर्तव्य पर लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी कलेक्टर श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

एक नजर

## राशनकार्डों का नवीनीकरण अब 15 मार्च तक

**बलौदाबाजार,28 फरवरी।** शासन द्वारा राशनकार्ड की नवीनीकरण की अंतिम तिथि में वृद्धि कर अब 15 मार्च तक कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय के वार्डों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड का वितरण करने, हितग्राहियों से उनके पुराने राशन कार्ड जमा कराने, बीपीएल राशनकार्डों का निःशुल्क वितरण करने तथा एपीएल सामान्य कार्ड के लिए 10 रूपए प्रति कार्ड का शुल्क चालान के माध्यम से जमा कराने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला खाद्य अधिकारी श्री दुबे ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रगति पर है। राशनकार्ड नवीनीकरण मोबाईल एप से भी की जा सकती है। यह एप हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहा पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर आनलाईन तथा आफलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय के वार्डों में हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड के वितरण की कार्यवाही भी की जा रही है।

## गिरौदपुरी मेला में अस्थाई दाल-भात केंद्र के संचालन में स्थानियों को प्राथमिकता

**बलौदाबाजार,28 फरवरी।** अनुविभाग अधिकारी कसडोल एवं गिरौदपुरी राजस्व से मिली जानकारी अनुसार संत गुरु घासीदास तपो भूमि गिरौदपुरी में आयोजित मेला 14 मार्च से 16 मार्च तक मेला आयोजन में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए समूहो के माध्यम से अस्थाई दाल भात केन्द्र का आयोजन किया जाता है। दाल भात केन्द्र खोलने हेतु इच्छुक पंजीकृत समूहो को आवेदन आमंत्रित किये जाने हेतु 06 मार्च 2024 तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल के कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है। उक्त मेले में पंजीकृत समूहो के द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। अन्य जिले के लिए लागू नही होगा है।

## कार नदी में डूबी, एक की मौत

**बलौदाबाजार 28 फरवरी।** ग्राम ओटेबंद और राजपुर के तीन दोस्त पवन गिधोड़े यशवंत दिनकर और जयलाल सोनवानी अपने वैगन आर कार से पिकनिक मनाने ग्राम रामपुर मंदिर के पीछे नदी किनारे गए शाम करीबन 6.30 पिकनिक खतम कर पवन गिधोड़े ,यशवंत दिनकर हाथ मुंह धोने नदी में चले गए और जयलाल सोनवानी कार को चालू कर दिया जिसको कार चलाना नहीं आता था और कार सहित नदी के पानी में घुस गया जिसे उसके दोनो साथी कार कि खिड़की से खीच कर पानी से बाहर निकाले जो बेहोश हो गया था सूचना पर तत्काल हमराह स्टाफ पहुंच कर पेट्रोलिंग वाहन से जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा जांच कर जयलाल सोनवानी को मृत घोषित किया गया है अंधेरा होने से कार को नदी से नही निकाला जा सका है।

## सट्टा पट्टी लिखने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 28 फरवरी।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, एसडीओपी बलौदाबाजार श्रीमती निधि नाग के निर्देशन एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में थाना पलारी पुलिस द्वारा अवैधानिक कार्यों में लिप्त असमाजिक तत्वों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 27.02.2024 को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम लकडिया में अधिक पैसे जीतने का लालच देकर सट्टा पट्टी लिखने वाले एक सटोरिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से नगदी ?4100, डाट पेन, स्केल एवं सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध समुचित धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# हमारे पूर्वजों ने हमे गौरवशाली विरासत दी है: राज्यपाल हरिचंदन

### राजभवन में मनाया गया मिजोरम और अरूणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस



**रायपुर, 28 फरवरी।** राजभवन में आज राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में मिजोरम और अरूणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे पूर्वजों के अथक मेहनत और दृढ़ संकल्प ने हमे गौरवशाली विरासत दी है जिस पर हमे गर्व करना चाहिए।

केन्द्र सरकार के ÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत÷ कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में मिजोरम और अरूणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक पहल है जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देना है। ऐसे कार्यक्रम विभिन्न राज्यों के लोगों को अपनी भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर मिजोरम की शांत घाटी तक, दोनों राज्यों में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध भाषाएं और जटिल परंपराएं हैं। अरुणाचल प्रदेश अपनी प्राचीन संस्कृति के लिए जाना जाता है। इस राज्य का उल्लेख भारत के प्रमुख धार्मिक ग्रंथों जैसे कालिका पुराण और महाभारत में किया गया है। ऋषि परशुराम ने यहीं पर अपने पापों का प्रायश्चित किया था, ऋषि व्यास ने इस क्षेत्र के जंगलों में तपस्या की थी और भगवान श्री कृष्ण ने भारत के इस पौराणिक स्थल पर रुक्मिणी से विवाह किया था। तिब्बत भूटान और म्यांमर देशों की सीमाओं को छूती हुई इस प्रदेश की संस्कृति अद्वितीय है। राज्यपाल ने कहा कि जब वे मिजोरम राज्य के बारे में सोचते है, तो उन्हें पहाड़ी इलाके, घुमावदार नदियां, वनस्पतियां, अंतहीन विविध परिदृश्य और समृद्ध जीव-जंतुओं की कल्पना होती है। मिजोरम की जीवंत संस्कृति, अद्भुत कलाएँ और लोक कलाएँ इसकी समृद्ध विरासत का प्रतीक हैं। यह प्रदेश शिक्षा दर में देश में तीसरा स्थान रखता है। मिजो जनजाति की पारंपरिक रूप से पोषित मान्यताएं, विभिन्न सामाजिक-धार्मिक प्रथाएं उन्हें एक विशिष्ट पहचान देती हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से आधुनिक होती दुनिया में, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी परंपराओं को संजोएं और सतत विकास के लिए प्रयास करें और इन राज्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। कार्यक्रम को मिजोरम राज्य की प्रतिनिधि डॉ. प्रीति मिश्रा और अरूणाचल प्रदेश की प्रतिनिधि सुश्री हेगे बी. यासीन ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने-अपने राज्यों की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी और लोगों से आग्रह किया कि पर्यटन की दृष्टि से इन राज्यों में अवश्य भ्रमण करें।

# आरक्षक एवं अग्निवीर भर्ती प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 28 फरवरी।** अभियान सृजन के तहत आज दिनांक 27.02.2024 से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार के निर्देशन में जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में आरक्षक भर्ती/अग्निवीर भर्ती प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में आरक्षक भर्ती के कई पदों का विज्ञापन निकला हुआ है, सांथ ही भारतीय सेना में भर्ती के लिए अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया भी प्रारंभ है। उक्त शासकीय भर्तियों में जिले के प्रतिभागियों को हर संभव मदद करने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार श्री हरीश यादव एवं श्रीमती उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक के मार्गदर्शन में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में जिला पुलिस के योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके तहत शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा आदि के संबंध में संपूर्ण जानकारी दिया जाएगा। साथ ही भर्ती कार्यक्रम में दौड़, गोला फेक, ऊंची/लंबी कूद आदि में प्रतिभागियों की शारीरिक दक्षता को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में प्रेक्टिस करने वाले प्रतिभागियों के एक ग्रुप द्वारा आज पुलिस कार्यालय में श्री सदानंद कुमार से भेंट किया गया। जिला पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए गए नंबर पर संपर्क कर अपना एक फोटो, शैक्षणिक, निवास आदि प्रमाण पत्र की कॉपी एवं प्रशिक्षण फॉर्म जमा कर आरक्षक भर्ती/अग्निवीर भर्ती हेतु प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## अभियान सृजन के तहत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 28 फरवरी।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार के निर्देशन में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले अवैध महूआ शराब, नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसके अतिरिक्त जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 27.02.2024 को थाना सुहेला पुलिस द्वारा ग्राम मोपर, रानीजरौद, आमाकोनी, देवरानी, ग्राम मल्दी में तथा पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया द्वारा ग्राम भरतपुर में नशे के दुष्प्रभाव से आम जनों को अवगत कराने हेतु नशे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए चलित थाना का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा नशा करने से होने वाले नुकसान, परिवार के बिखराव, नशे से शरीर में कई प्रकार की बीमारियां होने एवं नशा किस प्रकार से एक सुखी संपन्न घर को नष्ट कर देता है, उक्त बातों को लोगों तक बहुत ही सरलता पूर्वक पहुंचाया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।






**भाटापारा 28 फरवरी।** तरेंगाराज भाटापारा यदु धर्मशाला के तत्वाधान में ठेठवार यादव समाज की कार्यकारी बैठक संपन्न हुई सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करने के पश्चात सामाजिक चर्चा हुई जिसमें आगामी वार्षिक अधिवेशन ठेठवा यादव समाज का 16 3.2024 दिन शनिवार को ठेठवार समाज द्वारा संपन्न होगा यह जानकारी यह जानकारी तरंग राज्य के सचिव राजेश यादव द्वारा दी गई है।

## राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने रमन सिंह को दी भेंट

**छुरा 28 फरवरी।** राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष माननीय डॉक्टर रमन सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट कर केंद्र के समान डी ए एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा की राजिम,राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी एवं शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री व आध्यात्मिक संग्रहालय गौरव पथ राजिम के संचालक श्री विवेक कुमार शर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह



जी को ईश्वरीय सौगात भेंट की।प्रथम नियुक्ति से पुरानी पेंशन बहाली व कर्मचारियों को केंद्र के समान डी ए देने के लिए निवेदन किया साथ ही अन्य समस्याओं के बारे में चर्चा की इस अवसर पर विवेक शर्मा के साथ पूर्व मेजर सूबेदार गोवर्धन शर्मा उपस्थित थे।विवेक शर्मा ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष को राजिम आने का न्योता दिया ।

# सिरपुर महोत्सव का समापन, महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर, 28 फरवरी।** धार्मिक, पुरातात्विक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का सोमवार शाम भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री चुन्नी लाल साहू बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शामिल हुए। इसके पूर्व वे चित्रोत्पला गंगा आरती में शामिल हुए।

सिरपुर महोत्सव में तीनों दिन जन सैलाब उमड़ पड़ा। स्थानीय कलाकार सहित राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों से सुसज्जित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने सिरपुर के अलावा आस-पास एवं प्रदेश भर के श्रद्धालु और आगंतुक बड़ी संख्या में पहुंचे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिदिन विशाल जन समूह ने कार्यक्रमों का तन्मयता से आनंद लिया। प्रमुख कार्यक्रम में इंडियन आइडल विजेता अभिजीत सावंत, मुम्बई के कलाकारों द्वारा गीता सार की प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ी छॉलीवुड कलाकार सुनील सोनी, भूपेन्द्र साहू एवं आरू साहू की छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़े लोक परम्परा पर आधारित सांस्कृति प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

वर्ष 2006 से सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पहली बार चित्रोत्पला गंगा आरती के लिए आकर्षक मंच बनाया गया एवं स्थानीय पुजारियों से गंगा आरती करायी गई, जिससे लोगों का जुड़ाव बढ़ा। साथ ही श्रद्धालुओं के स्नान के लिए कुंड का निर्माण भी किया गया। बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक और इंडियन आइडल विजेता अभिजीत सावंत के गीतों पर लोग झूमते नजर आए। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मी गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहते हुए कहा कि इस आयोजन से वे बेहद उत्साहित हैं। महासमुंद जिले के धार्मिक और पुरातात्विक नगरी में उनका आना सौभाग्य है। वहीं दूसरी कार्यक्रम में अस्त्र भिलाई की टीम ने शानदार इफेक्ट के साथ लाइट एंड साउंड कार्यक्रम की प्रतुति दी। वही अंतिम दिन पद्मश्री सूफी गायक भारती बंधु ने सुमधुर भजन से लोगों के दिल में जगह बनाई। महासमुंद के हरफनमौला कलाकार श्री सुरेंद्र मानिकपुरी ने छत्तीसगढ की संस्कृति और लोकगीत पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शासकीय विभागों द्वारा विभागीय स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। मुख्य अथिति श्री चुन्नी लाल साहू ने स्टाल का अवलोकन किया और योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राहियों को सामग्री और चेक भी वितरित किए दिए। यहां पर्यटन मंडल, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, स्कूल शिक्षा विभाग, क्रेडा, समाज कल्याण, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, जनसंपर्क विभाग का स्टाल लगाया गया है। तीनों दिन सिरपुर और अंचल के आसापास तथा राज्य के दूर दराज से ग्रामीण और श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इस बार सिरपुर महोत्सव की खास तैयारी की गई थी। सिरपुर की गलियों में स्थायी विद्युत व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और आकर्षक भव्य मंच बनाया गया।

## अवैध रूप से शराब रखने वाला कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 28 फरवरी।** अभियान सृजन के तहत श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा अवैध जुआ सटटा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके पालन मे श्रीमान अति.पु.अ. श्री हरीश यादव एंव उप पुलिस अधीक्षक श्री राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी थाना गिधपुरी निरीक्षक नरेश दीवान के कुशल नेतृत्व में धरपकड कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था, कि दिनांक 26-02-2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम तेलासी के एकलब्य पूरेना अपने गाय रखने के कोठार मे भारी मात्रा मे शराब बिक्री करने हेतु रखा है। कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी 1. एकलब्य पूरेना पिता सहस राम पूरेना उम्र 45 साल साकिन तेलासी थाना गिधपुरी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी से 04 भूरा कार्टून मे प्रत्येक मे 50-50 पौवा कुल 200 पौवा स्क्क अंग्रेजी गोवा शराब जुमला 36 लीटर कीमती ?22000 को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र. क्र. 202402092100068
अ/2 वर्ष 2023-24

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजीत कुमार जैन आ. विनोद जैन जाति जैन, निवासी सेक्टर 4 देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा ग्राम कल्याणपुर, प.ह.नं. 13 स्थित भूमि खसरा नंबर 709/2, 710/2 का रकबा 0.1490, 0.4050 हे. को पंजीबध्द बयनामा द्वारा क्रय किया गया है। आवेदक द्वारा ग्राम कल्याणपुर, प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. लाल बहादुर नगर तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर 709/2 रकबा 0.1490 हे. एवं खसरा नंबर 710/2 रकबा 0.4050 हे. भूमि को पेट्रोल पंप एवं व्यवसायिक परिसर प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 06/03/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा।

आज दिनाँक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग.)


# महाशिवरात्रि पर निकलेगी विशाल शोभा यात्रा,111 जोड़े करेंगे रुद्राभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 28 फरवरी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विशाल शोभा यात्रा ( शिव बारात ) व 111 जोड़ों के द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक की रूपरेखा बनाने व तैयारी के संदर्भ में जय भोले कांवरिया संघ की बैठक श्याम स्नेह एजेंसी में संपन्न हुई जिसमे तय किया गया कि 8 मार्च महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संध्या 5=30 बजे महासती मंदिर से भगवान शिव की विशाल शोभा यात्रा निकलेगी जो गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक,आजाद चौक, जयस्तंभ चौक,फौवारा चौक होते हुए नगर पालिका स्थित महाकाल मंदिर तक जायेगी जहां भगवान शंकर की महाआरती कर ठंडाई का प्रसाद वितरण किया जाएगा तदुप्रांत रात्रि 8 बजे से पुरानी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल मंडी रोड स्थित मंगल भवन में विद्वान आचार्य श्री ओम प्रकाश जी जोशी (थान खमरिया) व पंडित जितेंद्र तिवारी जी के कुशल मार्गदर्शन में 111 जोड़ों द्वारा भगवान शंकर का पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक किया जाएगा । विदित हो की जय भोले कांवरिया संघ द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर प्रतिवर्ष जो शोभायात्रा निकाली जाती है उसमे शामिल होने नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी शिवभक्त



आते है जिनका नगर की धार्मिक,सामाजिक,व्यापारिक व राजनीतिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह स्वागत किया जाता है । पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक में बैठने वाले जोड़ों के लिए पूजा की समस्त सामग्री की व्यवस्था संघ के द्वारा निशुल्क की जाती है इस वर्ष रुद्राभिषेक में बैठने भिलाई,रायपुर से भी कई जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया है उक्त आयोजन को लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह दिख रहा है आयोजन समिति भी सभी तैयारियों को पूर्ण रूप देने में सक्रिय है । सम्पूर्ण आयोजन को लेकर हुई बैठक में प्रमुख रूप से संघ के वरिष्ठ सदस्य बृज किशोर अग्रवाल,मुकेश बालानी,विपिन अग्रवाल,गोपाल पुरोहित,दीपक मल,रामजी जोशी,रवि गुप्ता,प्रकाश शर्मा,धनंजय गुप्ता, विनय ठाकुर,मोनू मल दिनेश सचदेव,नंदन शर्मा सहित भागवत कथा वाचक पंडित हरगोपाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे ।

## बिना अनुमति बजा रहा था डीजे, कार्रवाई

**रायपुर, 28 फरवरी।** बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में कोलाहल अधिनियम लागू है। ऐसे में थाना कोतवाली थाना क्षेत्र के दीनदयाल मार्केट में बिना अनुमति के डीजे बजा रहे एक युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी का नाम लक्ष्मण सहिस पिता रमेश सहित 28 वर्ष निवासी सीतामणी कोरबा है। ध्वनि प्रदूषण को लेकर पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी से प्राप्त दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक, वर्मा एवं नेहा वर्मा, की पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी को ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही किया गया है। इस क्रम में थाना प्रभारियों द्वारा सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।


**CHHATTISHGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (RCR) GUDHIYARI, RAIPUR PH.NO. 0771-2574703 & FAX NO.2593403

No. 10-01/Wk-II/Tender No. 42/6477 — Raipur, Date 26.02.2024

**NOTICE INVITING FOR e-TENDERING**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Contractors for the following works:

| Tender No/ Rfx no. | Name of work | Type of Contractor | Total value of tender (in Rs.) | Cost of Tender form(in Rs.) | Date of Submission / Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender No. 42/6477 RFX No. 8100036315 | For external electrification for Sector 11B, 14B and 15 C under Kaushalya Vihar Project Developed by Raipur Development Authority under Deopuri Zone of City Dn. South, CSPDCL Raipur. | Class-I/II | 48,94,428.00 | 5000/- (Including GST) | 19.03.2024 02.00 / 02.30 PM |

Details of Tenders, Technical Specification, Terms & Conditions pre-qualification requirement etc. are available on our website www.cspdcl.co.in and ebidding.cspcl.co.in. Tender documents can be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required tender fees shall be deposited trough demand draft drawn in favor of Sr. A.O.-I CSPDCL Raipur and shall be submitted in hard copy before due date and time, the scanned copy of the DD of Tender fees should be uploaded in the e-bidding portal. The notice for extension of due date of tender submission, opening /corrigendum/amendment, if any to the tender document will not be published in newspapers. It will only be displayed on CSPDCL's official website as mentioned above and office Notice Board.

EXECUTIVE DIRECTOR (RCR)
CSPDCL, RAIPUR

SAVE ELECTRICITY

CG SAMVAD-39819/2



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर**

**संक्षिप्त मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 67 /NIT-15/2023-24/व.ले.लि. — दिनांक 26.02.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित संक्षिप्त मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 15 T0070 | Construction of AdministrativeTraining Center at Bijapur (1st Call) | 39.65 Lacs |
| 15 T0071 | Construction of Security Strengthening Etc. at GAD Colony Bijapur (1st Call) | 22.83 Lacs |

नोटः -

1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.03.2024

2 निविदा संबंधी जानकारी विभागीय वेब पोर्टल cg.nic.in/pwdraipur से अवलोकन किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता

जी- 08127/5 — लो.नि.वि. पश्चिम बस्तर संभाग बीजापुर

## एक नजर

### गार्गी शुक्ला को स्वर्ण पदक



**रायपुर 28 फरवरी।** राजधानी की छात्रा गार्गी शुक्ला को एमएससी बायोटेक्नॉलॉजी विषय में मास्टर्स डिग्री में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। उन्होंने सेज यूनिवर्सिटी इंदौर मप्र में सभी विभागों में उच्च स्थान प्राप्त किया है। गार्गी को 25 फरवरी को स्वर्ण पदक के साथ उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वे प्रारंभ से मेधावी छात्रा रहीं हैं। हायर सेकेण्डरी व स्नातक की परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी पर ही सफल होती रहीं हैं। खेलकूद, वादविवाद प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों में भी गार्गी ने पदक प्राप्त किया है। वे सुंदरनगर निवासी व्याख्याता मृत्युंजय शुक्ला की सुपुत्री हैं।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 28 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि नोबल पुरस्कार प्राप्त भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन के सम्मान में विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समाज में बिखरी अंधविश्वास की जड़ों को हटाने के लिए परिष्कृत सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना बहुत जरूरी है। हमारे देश ने विज्ञान के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। विज्ञान हमें विश्लेषात्मक सोच के साथ जीवन स्तर में सुधार और तरक्की की ओर ले जाता है।

### प्रदेश में मिले कोरोना के 16 नए मरीज

**रायपुर, 28 फरवरी।** प्रदेश में कोरोना की रफ्तार घट-बढ़ रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इसके पहले भी कई बार अलर्ट जारी कर लोगों को कोरोना के प्रति सावधानी बरतने की अपील कर चुकी है। प्रदेश में मंगलवार को कोरोना के 16 नए मरीज मिले हैं. प्रदेश के 7 जिलों में कोरोना संक्रमित मिलने से स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क रहने कहा है. दुर्ग से सर्वाधिक 6 और रायपुर से 3 नए मरीज की पहचान की गई है. वहीं बिलासपुर-सुकमा से 2-2, सारंगढ़, राजनांदगांव और महासमुंद से 1-1 मरीज मिले हैं. प्रदेश में अब एक्टिव मरीजों की संख्या 70 पहुंच गई है. वहीं कुल 12 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं।

### स्थानांतरित पटवारियों को चेतावनी सूचना जारी

**रायपुर, 28 फरवरी।** कार्यालय कलेक्टर (भूमि अभिलेख अनुभाग) जिला दुर्ग (छ.ग.) ने स्थानांतरित पटवारियों के लिए चेतावनी सूचना जारी की है। जारी चेतावनी सूचना में कहा गया है कि आदेश दिनांक 16 फरवरी 2024 द्वारा उन पटवारियों का स्थानांतरण कर दिया है, जो दुर्ग जिले के अंतर्गत एक ही तहसील में पदस्थ थे। तहसील दुर्ग, पाटन, धमधा, अहिवारा, भिलाई-03 एवं बोरी में 03 वर्ष अथवा 03 वर्ष से अधिक की अवधि के लिए प्रशासनिक आधार पर अस्थायी रुप से अगले आदेश तक कोई भी जो कार्यालय कलेक्टर (भूमि अभिलेख अनुभाग), जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा जारी दिनांक 16 फरवरी 2024 के उक्त स्थानांतरण आदेश का उल्लंघन करना चाहता है। वे महाधिवक्ता, महाधिवक्ता का कार्यालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर, बोदरी, बिलासपुर (छ.ग.) के पते पर पूर्व सूचना दे सकते है।

### पीएससी के पूर्व चेयरमेन के खिलाफ अर्जुंदा थाने में अपराध दर्ज

**रायपुर, 28 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के कथित घोटाले मामले को लेकर बालोद जिले के अर्जुंदा थाने में आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी सहित अन्य लोगों के खिलाफ धारा 420 व भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एसपी एसआर भगत ने इसकी पुष्टि की, मगर प्रार्थी का नाम अभी गोपनीय रखा गया है। चूंकि मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुट गई है। अर्जुंदा थाना क्षेत्र के अभ्यर्थी ने लिखित में शिकायत की है कि वह पीएससी द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2021 में शामिल हुआ था। वह प्रीलिम्स और मेंस पास होने के बाद इंटरव्यू तक पहुंचा। उसका इंटरव्यू भी अच्छा गया, लेकिन चयन नहीं हुआ, जबकि कुछ लोग इंटरव्यू से तुरंत निकल गए। उसके बाद भी उनका चयन हो गया। इसमें पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी का बेटा, बहू, पुत्री और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। इनके अलावा कांग्रेसी नेता, अधिकारी, कर्मचारी और प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदार भी थे। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में जो उम्मीदवार परीक्षा में नहीं बैठे थे। उनका भी चयन हुआ है। पूरे मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अपराध पंजीबद्ध तो हो चुका है क्योंकि मामला हाई प्रोफाइल है इसलिए इसे बेहद गंभीरता के साथ जांच किया जा रहा है।

# नगरीय निकायों में स्वीकृत कार्यों के लिए भी लेनी होगी अनुमति

**रायपुर, 28 फरवरी।** प्रदेश के नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में पुनः स्वीकृति के बाद ही प्रारंभ किए जा सकेंगे। नगरीय निकायों में अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को शुरू करने के लिए विभाग से पुनः मंजूरी लेनी होगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वित्तीय अनुशासन और शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने वित्त विभाग के निर्देश के अनुपालन में नगरीय निकायों को परिपत्र जारी किया है। विभाग ने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में प्राथमिकता वाले अप्रारंभ व निरस्त कार्यों को वर्ष 2023-24 के प्रस्ताव में पुनः शामिल कर स्वीकृति के लिए संचालनालय या राज्य शहरी विकास अभिकरण भेजने को कहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी परिपत्र में कहा है कि राज्य शासन द्वारा शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने के संबंध में समय-सीमा पर निर्देश जारी किए गए हैं। इसी अनुक्रम में वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से वित्त विभाग द्वारा पुनः निर्देश जारी किए गए हैं। परिपत्र में सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि इस परिपत्र के जारी होने के दिनांक से राज्य बजट से वित्त पोषित सभी अप्रारंभ निर्माण कार्यों को वित्त विभाग की पुनः सहमति के उपरांत ही प्रारंभ किया जाए। अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 में स्वीकृत ऐसे कार्य जो अप्रारंभ हैं, उन्हें निरस्त किया जाता है। परिपत्र में कहा गया है कि यदि अप्रारंभ या निरस्त किए गए कार्य संबंधित नगरीय निकाय की प्राथमिकता में हैं, तो ऐसे कार्यों को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रस्ताव में पुनः शामिल कर विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मदवार पृथक-पृथक नवीन पूर्ण प्रस्ताव संचालनालय या राज्य शहरी विकास अभिकरण को प्रेषित करें।

## अम्मा जी को राजधानी ने दी अंतिम विदाई

### मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माता पंचतत्व में विलीन



**रायपुर 28 फरवरी।** राष्ट्रीय संरक्षक एवं समाजसेवी गौ सेवक रामजी लाल अग्रवाल की धर्म पत्नी तथा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माता श्रीमती पिस्ता देवी अग्रवाल का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आज उनका मारवाड़ी शमशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया। अपने पीछे वे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे समाजसेवी गोपालकृष्ण अग्रवाल, शिक्षा,संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल,अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल,योगेश अग्रवाल,यशवंत अग्रवाल की माता, श्री विष्णु अग्रवाल की भाभी एवं पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,कैलाश अग्रवाल,अशोक अग्रवाल,देवेंद्र अग्रवाल,गणेश अग्रवाल की चाची थी। श्रीमती पिस्ता देवी अग्रवाल की अंतिम यात्रा रामजी वाटिका मौल श्री विहार, रायपुर से प्रातः 10 बजे निकली। मारवाड़ी श्मशानघाट में श्रीमती पीस्ता देवी को अंतिम विदाई देने भीड़ उमड़ पड़ी थी। सभी राजनीतिक दलों के नेता, मंत्री, विधायक, विभिन्न संस्थाओं के लोग मौजूद थे। यहां उन्हे मौन श्रद्धांजलि दी गई।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन गत दिवस कैबिनेट मंत्री स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचे जहां उन्होंने उनकी माताजी श्रीमती पिस्ता देवी को पुष्पांजलि अर्पित कर शोक-संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। वहीं सदन में आज बृजमोहन अग्रवाल की माता को पक्ष विपक्ष ने श्रद्धांजलि दी है । स्पीकर रमन सिंह ने सदन की ओर से दी गई श्रद्धांजलि।

## धूमधाम से निकलेगी भोले की बारात

**रायपुर 28 फरवरी।** आगामी आठ मार्च को होने वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रायपुर शहर में कई जगह तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं । इस महापर्व को भव्य स्वरूप देने के लिए कैपिटल होम्स फेज -1 में भी मंदिर सजाने, जगराता और भंडारे कराने की तैयारियां शुरू हो गई हैं । इस महापर्व के उपलक्ष्य में मंदिर भवन को बहुत ही भव्य सुंदर ढंग से सजाया जाएगा, इस दिन सुबह से ही पूजा प्रारंभ की जाएगी । जिसमें भक्तों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा। शाम को भोले की बारात भव्य रूप में निकाली जाएगी, इसके बाद भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा । सोसाइटी में शिवरात्री की तैयारी को लेकर हाल ही में वरिष्ठजनों की मार्गदर्शन में रहवासियों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सोसाइटी के लंबित निर्वाचन के साथ-साथ, जल संकट और शिवरात्री पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया, इस मौके पर एन. के गुप्ता, सुरेश व्योहार, अनिल वक्शी, सुरेश बंजारे, संदीप वर्मा, दीपक देवानी, इंदर अडानी, विनोद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी शामिल हुए ।



## दो बरसों में निजी हेलीकाप्टर और विमान के किराए पर भूपेश सरकार ने खर्च किए 2 अरब 34 करोड़ से ज़्यादा

**रायपुर,28 फरवरी।** वर्ष 2021 से दिसंबर 2023 के बीच में तत्कालीन भूपेश सरकार ने निजी हवाई जहाज़ और निजी हैलीकाप्टर से किराए पर पर दो अरब 34 करोड़ 16 लाख 23 हज़ार 678 रुपए खर्च कर दिए। विधानसभा में विधायक प्रबोध मिंज और पुरंदर मिश्रा के द्वारा पूछे लिखित सवाल के जवाब में राज्य सरकार ने ब्यौरा दिया है।राज्य सरकार के जवाब में सवाल की अपेक्षा के अनुरूप सरकारी और निजी हवाई जहाज़ और हेलीकॉप्टर के राज्य के बाहर और भीतर दौरे का भी पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराया गया है। राज्य सरकार के इस जवाब से बीजेपी को एक बार फिर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो कि वित्त मंत्री भी थे उन्हें घेरने और तीखे सवाल का अवसर दे दिया है। राज्य सरकार के दिए जवाब में बताया गया है कि सरकारी हैलीकाप्टर से राज्य में 141 यात्राएँ की गई जबकि राज्य के बाहर 8 बार यात्रा की गई।राज्य के सरकारी विमान से राज्य में 31 यात्राएँ जबकि राज्य के बाहर सरकारी विमान से एक बार भी दौरा नहीं हुआ। निजी हैलीकाप्टर से राज्य के भीतर 1501 यात्राएँ जबकि राज्य के बाहर 47 यात्राएँ की गईं। निजी हवाई जहाज़ से राज्य के भीतर 54 यात्राएँ और राज्य के बाहर 235 यात्राएँ की गईं है।

राज्य सरकार की ओर से दिए जवाब में बताया गया है कि निजी हैलीकाप्टर के लिए तीन एजेंसियों जिनमें सीजी एविएटर रायपुर,एयर किंग चार्टर प्रायवेट लिमिटेड नई दिल्ली और ढिल्लन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड गुड़गाँव को जबकि निजी हवाई जहाज़ के लिए एयर किंग चार्टर प्रायवेट लिमिटेड और ढिल्लन एविंएशन प्रायवेट लिमिटेड को भुगतान किया गया।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और अलकतरा से पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने किराए के आँकड़ों को देखते हुए कहा है कि जितना किराया दिए उतने से भी कम क़ीमत में हैलीकाप्टर ख़रीद लिया जाता। पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा-॥135 हैलीकाप्टर की क़ीमत 51 करोड़ जबकि सबसे महँगा मॉडल ब्क्र्ह्रद्य 429.66 करोड़ क़ीमत का आता है।जब सरकार ख़रीदी करती है तो निविदाओं में कंपनियाँ रेट प्रतियोगिता की वजह से कम भी करती है, लेकिन ऐसा क्यों नहीं किया गया यह समझ से परे है।

## पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कांग्रेस के वार रूम का निरीक्षण किया

**रायपुर 28 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने लोकसभा चुनाव के लिये बनाये गये कांग्रेस के वार रूम का निरीक्षण किया और वार रूम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी से वार रूम की गतिविधियों के बारे में जानकारी लिया। प्रदेश अध्यक्ष लोकसभावार बूथ लेवल की कमेटियों और बीएलए की सूची के बारे में भी जानकारी लिये, वार रूम के लोकसभावार कनेक्ट सेंटर के प्रभारियों से उन्होंने एआईसीसी द्वारा चलाये जा रहे आईएनसी साथी की प्रगति की समीक्षा भी किया। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं भी अपने बूथ से आईएनसी साथी का रजिस्ट्रेशन किया। इस अवसर पर वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, वार रूम के को-चेयरमेन प्रवीण साहू, लोकेश साहू, सोमेन चटर्जी, पूजा देवांगन, अनिल मित्तल, अशोक चतुर्वेदी, दिनेश निर्मलकर, नरेश गड़पाल, गीता सिंग, दिपतेश चटर्जी, प्रेरणा साहू, चंद्रवती साहू, अमर गिदवानी, परलव सिंग, प्रेमलता बंजारे, सारतक शर्मा, कविता वर्मा उपस्थित थे।



## विकास की झलक देखने रायपुर पहुंचे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के आदिवासी युवा



**रायपुर 28 फरवरी।** नक्सली कमांडर हिडमा के गांव पूवर्ती के साथ घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों में रहने वाले आदिवासी युवकों को प्रदेश के विकास से परिचित कराने रायपुर भ्रमण कराया जा रहा है. मन में शोषण के भाव को दूर करने के उद्देश्य से कराए जा रहे इस भ्रमण की सार्थकता आदिवासी युवाओं के कलेक्टर, डॉक्टर, पुलिस बनने की इच्छा से सिद्ध होती नजर आ रही है. इसे भी पढ़ें ~ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी चूक, पिस्टल लेकर ष्टरू हाउस पहुंचा युवक, तीन सुरक्षाकर्मी निलंबित

नक्सल प्रभावित अंचल से पहुंचे आदिवासी युवाओं से मुलाकात करने प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में कहा कि इन आदिवासी युवाओं के मन में जो भ्रम फैला कर रखा गया है कि कोई शोषण करेगा, यह सब बातें गलत है. यह खत्म होना चाहिए. नक्सलियों ने खुद जितने लोगों को मौत के घाट उतारा है, इसका कौन हिसाब देगा. आज हम बच्चो को लेकर एयरपोर्ट जाएंगे, रेलवे स्टेशन जाएंगे, माल जाएंगे. रात में पिक्चर हमको देखना है. बहुत सारा काम है.उन्होंने कहा कि कि जितने साथी यहां पर आए हैं, उनमें से बहुत से कभी रायपुर नहीं आए है. वह रायपुर देखकर जाएं. उनका प्रदेश है, राजधानी है. ऐसे ही उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा. हम लोग यह कोशिश कर रहे हैं. युवा यह देखने आए हैं कि सरकार ठीक काम कर रही है, या नहीं, अधिकारी ठीक काम कर रहे हैं, या नहीं.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग यह कहना चाहते हैं कि सरकार उनकी सेवक है, ये अधिकारी उनके सेवक है. इसके साथ उन्होंने आदिवासी अंचल में स्थापित किए जा रहे कैंप का जिक्र करते हुए कहा कि यह सिक्योरिटी का नहीं, विकास का कैंप है. विकास पहुंचना है, इसलिए कैंप है. कैंप के आसपास जितने स्थान हैं, उन सभी जगह हम हर क्षेत्र के नौजवानों को अपना प्रदेश दिखाएंगे. ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के सचिव निहारिका बारिक ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है. सबके साथ बैठकर और मैं अभी इन लोगों से पूछ रही थी कि रायपुर में क्या करना चाह रहे हैं. मॉल में जाकर शॉपिंग करना चाह रहे हैं. फोटो खींचना चाह रहे हैं, ताकि गांव में जाकर दिखाएंगे सबको, और आने वाले समय में बिल्कुल बदलाव दिखेगा. उनके मन में जो एक संकोच था, गांव से बाहर आकर के लोगों से साथ मिलने का वह सब धीरे-धीरे खत्म हो रहा है. उनके मन में जो एक्सपीरियंस बढ़ेंगे, बाहर का दुनिया देखकर वह धीरे-धीरे ट्रांसलेट होता है. अपने जमीन पर अपने गांव में वही सब करने का यह सब का वही आशय है. उन्होंने कहा कि कई बच्चे आगे पढ़ना चाह रहे हैं. कई पुलिस में भर्ती होना चाहते हैं. कोई आंगनबाड़ी में जाना चाहती हैं. ऐसे बहुत सारे बच्चे हैं, जो अपने-अपने ड्रीम को लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं. आगे लगातार या कार्यक्रम चलेगा. हम और लोगों को यहां बुलाएंगे. हम वहां भी पहले गए हैं, और भी आगे जाएंगे उनके साथ मिलकर उसे एरिया का पूरा डेवलपमेंट प्लान करेंगे.

### पशु बचाव, देखभाल, संरक्षण और पुनर्वास कार्यक्रम

**रायपुर 28 फरवरी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन ने आज अपने वंतारा (जंगल का सितारा) कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की, जो भारत सहित विदेशों में भी घायल, शोषित और खतरे में पड़े जानवरों के बचाव, उपचार, देखभाल और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक व्यापक पहल है। गुजरात में रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के ग्रीन बेल्ट के भीतर 3000 एकड़ में फैले वंतारा का लक्ष्य विश्व स्तर पर संरक्षण प्रयासों में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक बनना है। जानवरों की देखभाल और कल्याण में अग्रणी विशेषज्ञों के साथ काम करके वंतारा ने 3000 एकड़ के विशाल स्थान को जंगल जैसे वातावरण में बदल दिया है, जो बचाई गई प्रजातियों के लिए प्राकृतिक, समृद्ध और हरे-भरे आवास की अनुभूति प्रदान करता है। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री अनंत अंबानी ने कहा, जो चीज़ मेरे लिए बहुत कम उम्र में एक जुनून के रूप में शुरू हुई थी वह अब वंतारा और हमारी शानदार टीम के साथ एक मिशन बन गई है।

### वेदांता ने 5 लाख लाभार्थियों के जीवन पर डाला सकारात्मक प्रभाव

**रायपुर 28 फरवरी।** विश्व एनजीओ दिवस के मौके पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने बताया कि गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ मिलकर की जा रही उनकी कोशिशों ने अकेले वित्तीय वर्ष 2023 में ही 5 लाख लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव को मुमकिन किया है। अगर कुल मिलाकर देखें तो बीते वित्तीय वर्ष में कंपनी के सामाजिक हस्तक्षेपों ने 6.30 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

कंपनी 20 से अधिक एनजीओ के साथ मिलकर सामुदायिक जरूरतों, सरकार के विकासात्मक कार्यक्रमों एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के मुताबिक सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए सक्रियता से काम रही है।

वेदांता एल्यूमिनियम के प्रचालनों में शामिल हैं~ दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम स्मेल्टरों में से एक जो झारसुगुडा में स्थित है, ओडिशा के लांजिगढ़ में विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी तथा कोरबा, छत्तीसगढ़ में स्थित भारत की आईकॉनिक एल्यूमिनियम उत्पादक बाल्को तथा वृद्धि करता हुआ खनन क्षेत्र। ये सभी प्रचालन मिलकर ग्रामीण भारत के कई इलाकों में बहुआयामी ग्रामीण निर्धनता को कम करके तथा उद्यम एवं रोजगार के अवसर पैदा कर के इन समुदायों को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं।

## राखड़ से कैंसर, हार्ट अटैक और साँस की बीमारियों से लोग बीमार हो रहे: महंत

**सरकार बोली - नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा**



**रायपुर,28 फरवरी।** कोरबा और रायगढ़ में चल रही कंपनियों की खदानों से उत्पादित और उत्सर्जित राखड़ के डंप को लेकर नियमों में लापरवाही का मसला नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने उठाते हुए राज्य सरकार को चेताया है कि, इस लापरवाही से लोग गंभीर रुप से बीमार पड़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कोरबा और रायगढ़ में चल रहे बीस से अधिक कंपनियों का ज़िक्र करते हुए सदन को हालात की भयावहता बताई है। प्रदेश में फ्लाईएश उत्सर्जन की मात्रा और कार्यवाही को लेकर लगाए गए ध्यानाकर्षण के जवाब में राज्य सरकार ने आश्वस्त किया है कि नियमों के अनुसार राखड़ डंप की कार्यवाही करने के निर्देश सखूती से जारी किए जाएँगे और समय समय पर निगरानी भी होगी।

छत्तीसगढ़ में फ्लाईएश उत्सर्जन करने वाले 101 ताप विद्युत संयंत्र संचालित हैं।इन फ्लाईएश के डंप के सखूत नियम हैं, लेकिन प्रदेश में अधिकांश जगहों पर इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। रायगढ और कोरबा में यह समस्या अब विकराल रुप ले रही है और नागरिकों के असाध्य रोगों से ग्रसित होने के मामले सामने आ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने सदन में बताया है -ज्कोरबा में एनटीपीसी जमनीपाली,राज्य स्टेट जनरेशन कोरबा,श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा,भारत एल्युमिनियम कंपनी कोरबा,मारुति क्लीन कोल पॉवर लिमिटेड,मेसर्स स्पेक्ट्रम कोल एंड पॉवर और रायगढ़ में जिंदल स्टील प्लांट, सालासर स्पंज प्लांट,रुक्मणी पावर,मेसर्स एम जे एनर्जी,जिंदल पॉवर, जे एस डब्बू स्टील और जिंदल स्टील, इन्होंने फ्लाईएश का आधा से ज़्यादा हिस्सा खदान भराव और कोड के आजू-बाजू में फेंकने का काम किया है। रायगढ और कोरबा का जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है।राखड़ ऐसा ख़तरनाक तत्व है जो पानी पर भी असर करता है

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश करते हुए सदन को बताया है कि, फ्लाईएश में सिलिकॉन ऑक्साईड,एल्युमिनियम ट्राई ऑक्साईड, फ़ेरस ट्राई ऑक्साईड नाम के रसायन मिलते हैं जो मानव पशु जल ज़मीन वनस्पति हवा सभी को खराब कर देते हैं। डॉ महंत ने सदन में बताया - इन ज़हरीले रसायनों के बीच साँस लेने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घट रही है, हार्ट अटैक भी होता है कैंसर भी होता है, साँस से जुड़ी कई तरह की बीमारियाँ होती हैं जिससे मौत होती है।

राज्य सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा - इस प्रकार के हानिकारक तत्व जो उत्सर्जित किए जा रहे हैं सही जगह नियमों का पालन करते हुए डंप नहीं किए जा रहे हैंल जो पर्यावरण मंडल के नियम के तहत नहीं है उनको दिखवाया जाएगा और कड़ी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

सदन में राखड़ के डंप को लेकर की जा रही लापरवाही और जवाबदेह प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के विषय के बीच यह मसला सामने आया कि कंपनियाँ नियमों की खुली अवहेलना कर रही हैं और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। सदन को बताया गया कि, कोरबा ज़िले के गाँव बरीडीह और जांजगीर-चाँपा ज़िले के नकटीडीह और कल्याणपुर गांव में मनेरगा से तालाब खोदा गया था। कंपनियों ने इन तालाबों को भी राखड़ से पाट दिया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26